दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 289 | जयपुर | शनिवार, 23 अगस्त, 2025 | भादवा, कृष्ण पक्ष-अमावस्या संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹2.00 | पृष्ठ : 10

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


## राजस्थान में तेज बारिश

## 6 जिलों के स्कूलों में छुट्टी...



### कोटा में बाढ़ के हालात, सेना बुलाई; आज 11 शहरों में भारी बरसात का अलर्ट



- सूरवाल बांध में नाव डूबी, 10 लोग थे सवार
- सवाई माधोपुर में बाढ़ जैसे हालात
- लोग छतों पर चढ़े; कार समेत बहे युवक की मौत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर/सवाई माधोपुर/कोटा ।** राजस्थान में भारी बारिश से कोटा संभाग में बाढ़ जैसे हालात हो गए। फंसे लोगों को रेस्क्यू करने के लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ के साथ सरकार ने सेना से मदद मांगी। बूंदी के नैनवां में 9 घंटे में 13 इंच पानी बरसा। बूंदी के अलावा सवाई माधोपुर, बारां, कोटा, टोंक में भी कुछ इलाकों में भारी बारिश दर्ज हुई।

मौसम विभाग ने शनिवार को भीलवाड़ा और चित्तौड़गढ़ में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। इसके साथ बूंदी, कोटा, राजसमंद, पाली, उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, सिरोही, जालोर में ऑरेंज अलर्ट है। जैसलमेर-बीकानेर को छोड़कर शेष सभी जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है। बारिश के चलते बारां, टोंक, सवाईमाधोपुर, झालावाड़, कोटा, बूंदी में भी शनिवार को स्कूलों की छुट्टी रहेगी।

### सवाई माधोपुर में बाढ़ जैसे हालात

सवाई माधोपुर में शुक्रवार को भारी बारिश ने तबाही मचाई। सवाई माधोपुर के काला गोरा भैरव मंदिर की सड़क पर करीब साढ़े फीट पानी नजर आया। देर रात से चल रही बारिश के बाद बाढ़ जैसे हालात हो गए है। जिले के सूरवाल बांध में नाव डूब गई। इसमें करीब 10 लोग सवार थे। बताया जा रहा है कि इनमें से तीन लोगों का रेस्क्यू कर लिया गया है।

शुक्रवार सुबह से हो रही बारिश के बाद 6 से ज्यादा कॉलोनियों में पानी भर गया । इन कॉलोनियों के 200 से ज्यादा घरों में पानी घुस गया। ऐसे में लोग बचने के लिए घर की छतों पर चढ़ गए।

कुशालीदर्रा स्थित नेशनल हाईवे 552 पर तेज बहाव में कार बह गई। हादसे में इंदौर के मोंटी तंवर (20) की मौत हो गई। मृतक युवक इंदौर का रहने वाला था।

तेज बारिश के चलते पटरियां डूब गई। इसकी वजह से सिग्नल सिस्टम फेल हो गया। ऐसे में जयपुर-दिल्ली और मुंबई जाने वाली ट्रेनें प्रभावित हुई है। इस दौरान तीन ट्रेनों को स्टेशन से पहले ही रोक दिया गया। जबकि दो ट्रेने 1 घंटे से ज्यादा समय की देरी से चली। लगातार बारिश के बाद सुबह रणथम्भौर टाइगर रिजर्व में भी सफारी को रोक दिया गया है।

- **जयपुर- दिल्ली और मुंबई रूट पर चलने वाली ट्रेनें प्रभावित**

  सवाई माधोपुर स्टेशन पर पटरियों पर पानी भर गया। ऐसे में तीन ट्रेनों को रोका गया है। श्रीगंगानगर-कोट को देवपुरा, जयपुर-बयान को चौथ का बरवाड़ा और भगत की कोठी-इंदौर को वनस्थली निवाई स्टेशन पर रोका गया है। इसके अलावा जयपुर-मुंबई को 60 मिनट और अजमेर-जबलपुर को 150 मिनट के लिए री-शेड्यूल किया गया।

- **बारिश से टूटी पुलिया**

  सवाई माधोपुर के नेशनल हाईवे 552 स्थित बोदल पुलिया तेज बारिश की वजह से क्षतिग्रस्त हो गया है। ये नेशनल हाईवे टोंक से एमपी के चिरगांव की तरफ जाता है। पुलिया टूटने की वजह से यहां वाहनों की आवाजाही बंद कर दी है।

तीन युवकों के कार समेत बहने की सूचना के बाद एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। दो युवकों की तलाश के लिए रेस्क्यू शुरू कर दिया गया है। सवाई माधोपुर रेलवे स्टेशन पर भारी बारिश के चलते पटरियां डूब गई। ऐसे में जयपुर, दिल्ली और मुंबई जाने वाली ट्रेनों का रूट प्रभावित हुआ है। सवाई माधोपुर के पुराने शहर में पल्ली पार का है। यहां करीब 200 से 250 घरों में पानी घुस गया।

## कांग्रेस ने बनाई एससी एडवाइजरी काउंसिल

### पूर्व सीएम चरणजीत चन्नी को 9वां, राजकुमार वेरका को 36वां स्थान; राष्ट्रीय स्तर पर काम करेगी काउंसिल

बढ़ता राजस्थान



**जालंधर (एजेंसी)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने अनुसूचित जाति विभाग के लिए एडवाइजरी काउंसिल बनाई है। कांग्रेस अध्यक्ष की मंजूरी के बाद जारी इस सूची में कई वरिष्ठ नेताओं को शामिल किया गया है। पंजाब से पूर्व मुख्यमंत्री और सांसद चरणजीत सिंह चन्नी और पूर्व मंत्री राजकुमार वेरका को भी इसमें जगह मिली है। जारी सूची में चन्नी का नाम 9वें और वेरका का नाम 36वें स्थान पर है। इस जिम्मेदारी को लेकर पंजाब कांग्रेस में उत्साह देखा जा रहा है। कांग्रेस का कहना है कि इस काउंसिल का मकसद अनुसूचित जाति समाज के हितों की रक्षा करना और उनके मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से उठाना है।

## संसद की सुरक्षा में चूक,दीवार फांदकर कैम्पस में पहुंचा व्यक्ति

### एक दिन पहले ही मानसून सत्र खत्म हुआ, 2023 में भी हुई थी ऐसी घटना

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद भवन की सुरक्षा में गुरुवार को सेंध का मामला सामने आया। एक व्यक्ति दीवार कूदकर संसद भवन में घुस गया और गरुड़ द्वारा तक पहुंच गया। सुरक्षा कर्मियों ने उसे तुरंत दबोच लिया। अब उससे पूछताछ की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, आरोपी सुबह 6.30 बजे रेलभवन के पास पेड़ की मदद से दीवार पर चढ़ा और कूदकर अंदर घुसा। हालांकि, घटना के समय संसद में कोई सांसद मौजूद नहीं था। संसद का मानसून सत्र गुरुवार को खत्म हो गया था और राज्यसभा और लोकसभा को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया था। एक साल पहले 16 अगस्त 2024 को भी एक युवक दोपहर में दीवार फांदकर संसद परिसर में घुस गया था।

## बाबा रामदेवजी का मेला, 2-लाख श्रद्धालु रोजाना कर रहें दर्शन

बढ़ता राजस्थान

**रामदेवरा (नि.स.)।** जैसलमेर के रावदेवरा भाद्रपद शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि यानी 25 अगस्त से 641वें भादवा मेले विधिवत तौर पर आगाज होगा। लेकिन, भाद्रपद महीना शुरू होने के साथ ही यानी 10 अगस्त से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा की समाधि के दर्शनों के लिए आना शुरू हो गए। अभी रोजाना दो लाख श्रद्धालु बाबा के दर्शन कर रहे हैं। बाबा के दर्शन के लिए कोई पैदल तो कोई दंडवत धोक लगाते आ रहा है। किसी ने कंधे पर बाबा को चढ़ाने के लिए घोड़ा लिया है तो किसी ने हाथों में बाबा की नेजा (ध्वजा) थाम रखी है। डीजे पर नाचते श्रद्धालु बाबा के जयकारें लगाते हुए रामदेवरा पहुंच रहे हैं।

## मनीषा की मौत पर हरियाणा विधानसभा में हंगामा

### कांग्रेसियों ने वेल में नारे लगाए, बेटी बचाओ के पोस्टर लहराए, 6 बार सदन स्थगित हुआ

बढ़ता राजस्थान



**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन भिवानी की लेडी टीचर मनीषा की मौत को लेकर जमकर हंगामा हुआ। कांग्रेस ने मनीषा की मौत और लॉ एंड ऑर्डर को लेकर काम रोको प्रस्ताव दिया था। इस प्रस्ताव पर चर्चा की मांग करते हुए कांग्रेस विधायकों ने सदन में हंगामा शुरू कर दिया। वह बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के पोस्टर लेकर वेल में आ गए और कार्यवाही नहीं चलने दी। इस हंगामे के बीच विधानसभा स्पीकर हरविंद्र कल्याण को 4 घंटे में 6 बार सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। अंत में यह प्रस्ताव मंजूर कर लिया गया। इस पर 26 अगस्त को चर्चा होगी। शुक्रवार दोपहर 2 बजे शुरू हुई सदन की कार्यवाही शाम करीब सवा 6 बजे सोमवार (25 अगस्त) दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। कल यानी शनिवार (23 अगस्त) और रविवार (24 अगस्त) को छुट्टी की वजह से सदन नहीं चलेगा।

### हिमाचल हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

## पाकिस्तान जिंदाबाद लिखने वाले को सशर्त जमानत, कहा-मातृभूमि की निंदा किए बिना किसी देश की प्रशंसा करना राजद्रोह नहीं

बढ़ता राजस्थान

**शिमला (एजेंसी)।** हिमाचल हाईकोर्ट ने पाकिस्तान जिंदाबाद पोस्ट करने मामले में आरोपी सुलेमान को सशर्त जमानत दे दी है। कोर्ट ने कहा कि भारत की निंदा किए बिना किसी अन्य देश की प्रशंसा करना राजद्रोह नहीं माना जा सकता, क्योंकि इससे अलगाववादी भावनाएं या विध्वंसकारी गतिविधियां नहीं भड़कतीं।

जस्टिस राकेश कैंथला ने कहा, सुलेमान पर ऐसा कोई आरोप नहीं है कि भारत में विधि द्वारा स्थापित सरकार के प्रति घृणा या असंतोष पैदा किया गया हो। बता दें कि, सिरमौर जिला के पांवटा साहिब पुलिस थाना में 27 मई को भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 152 के तहत मामला दर्ज किया गया।

## अगले महीने 15 हजार सरकारी नौकरियां देंगे : सीएम भजनलाल

### बिजली लेने वाले नहीं देने वाले बनेंगे, ऑपरेशन सिंदूर का राजस्थान को हुआ फायदा



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा है कि हमने सोचा भी नहीं था। ऑपरेशन सिंदूर का सबसे ज्यादा फायदा राजस्थान को मिला है। सिंधु नदी का पानी भी राजस्थान को सबसे ज्यादा मिलने वाला है। जब काम करते हैं तो ईश्वर भी साथ देता है। आपने देखा होगा। पिछले साल पूरे बांध भर गए। इस बार भी पूरे बांध भर रहे हैं। इससे राजस्थान में खुशहाली आ रही है। सीएम भजनलाल शर्मा जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में एआई पर दो दिवसीय सीए सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में बोले रहे थे। सीएम ने कहा - हमारे राजस्थान के लिए बिजली की आवश्यकता है। बिजली में हम किस तरह से आगे बढ़ सकते हैं। देश के प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पानी का भी सबसे पहले एमओयू हुआ। बिजली का भी हुआ। बिजली के क्षेत्र में भी लगातार काम कर रहे हैं। हमने कहा था 2027 तक हम किसान को दिन में बिजली देंगे, उद्योग को पूरी बिजली देंगे और आम आदमी को 24 घंटे बिजली देंगे।

### हम बिजली लेने वाले नहीं बिजली देने वाले बनने वाले हैं

सीएम ने कहा- हमारी सरकार ने 22 महीनों में 4750 मेगावाट बिजली का उत्पादन करके दिया है। 2027 तक हम बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेंगे। हम बिजली लेने वाले नहीं बिजली देने वाले बनने वाले हैं। लगातार उसके क्षेत्र में हमने काम किया है।

### अगले महीने 15 हजार सरकारी नौकरियां और देंगे, पिछली जुलाई से अब तक 75 हजार नौकरी दे चुके हैं

सीएम ने कहा- राइजिंग राजस्थान हमने किया, हमने युवाओं से वादा किया था कि हम चार लाख सरकारी नौकरी देंगे। 6 लाख हम निजी क्षेत्र में नौकरी देंगे। उस दिशा में लगातार हम काम कर रहे हैं। राइजिंग राजस्थान के एमओयू धरातल पर उतर रहे हैं। उन पर हम काम कर रहे हैं। सरकारी नौकरियों पर पहले साल हमने एक लाख नौकरियां देने की बात कही थी। हमने 75000 दे दी, अगले महीने 15000 नौकरियां और देने वाले हैं, हम 90000 तक पहुंचने वाले हैं। कुछ भर्तियां कोर्ट में अटकी हुई हैं, हम हर साल एक लाख नौकरी देंगे।







सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू, टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# बगड़ी में बालिका शिक्षा चौपट

## विद्यालय भवन की छत टपकने से सरकार ने किया ख़ारिज विधायक कोटे से 13 लाख रुपए की हुई स्वीकृति

बढ़ता राजस्थान

**निवाई, ( निर्भय मीना )।** बालिका विद्यालय में बालिकाओं को पढ़ाई में दिक्कत आ रही है क्योंकि इनकी अभी तक बैठने की व्यवस्था सुचारू रूप से नहीं हो पाई है अभी जो बालिका विद्यालय का भवन है वह टपकने की वजह से सरकार ने उसे खारिज कर पुन: निर्माण के लिए 13 लाख रुपए का अनुदान विधायक कोटे से किया है इसका निर्माण अति शीघ्र चालू होने वाला है रही पुरानी प्राथमिक विद्यालय की बिल्डिंग जो में बाजार में किले के नीचे है वहां का प्रकाशन द्वारा अवलोकन करने के बाद ज्ञात हुआ कि केवल दो कमरों की पत्तियां टूटी हुई है अब आप ग्रामीण ही बताएं कि इस विद्यालय को कहां शिफ्ट किया जाए सुनने में आया है। कमल चंद वैष्णव ने बताया कि आज दिनांक 22 अगस्त 2025 को इस बालिका को जहां पुराना पंचायत जहां भवन है वह खाली हो गया है वहां पर शिफ्ट किया गया है वहां का अवलोकन करने पर ऊपर के दो कमरे तो पहले से बुक है एक में पटवारी जी बैठते हैं जबकि पहले से पटवारी भवन बना हुआ है जो वर्तमान में खारिया हुआ बस स्टैंड पर है वह खाली पड़ा हुआ है जब पटवारी जी वहां बैठे तो वह कमरा खाली हो सकता है दूसरा कमरा ग्राम पंचायत बगड़ी के जो ईमित्र वाले हैं वह बैठते हैं अगरवह भी ग्राम पंचायत बगड़ी में बैठने लगी जाये तो वह भी खाली हो सकता हैरही बात जहां पर बालिका विद्यालय की शुरुआत हुई थी,उस जगह को वर्तमान प्रशासक महोदय ने किराये पर दे रखी है अब आप गांव वाले ही उसे भवन का अवलोकन करके बताएं कि क्या यह स्कूल वहां चल सकती है जबकि दो कमरे तो स्टाफ वालों को चाहिए एक कमरा प्रधान अध्यापिका का और दूसरा कमरा स्टाफ रूम बाकी आठ कक्षाएं क्या वहां बैठ सकती है अगर हां तो अच्छी बात है दूसरी बात वहां जाने के लिए आज ही अभिभावकों की सूचना मिली है की निवाई रोड पर ट्रैफिक ज्यादा है और बरसात का मौसम में तो वहां जाने के लिए बच्चे परेशान होते हैं अब आप ही गांव वाले मिलकर इस समस्या का समाधान करें इसके लिए सबसे पहले प्रशासक उसके बाद वीडियो साहब पीपलू उसके बाद एसडीएम साहब पीपलू और उसके बाद में जिला कलेक्टर टोंक या जिला शिक्षा अधिकारी जिला टोंक इन सभी अधिकारियों से मिलकर अति शीघ्र इस समस्या का समाधान करवाने की मांग की है।

# शनिवार को 5 घंटे बंद रहेगी पावटा फीडर की बिजली आपूर्ति

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** क्षेत्र में शनिवार को 5 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता (एचटीएम) अमित ढाका ने बताया कि 220 केवी जीएसएस कोटपूतली से निकलने वाले 33 केवी पावटा फीडर पर मरम्मत और रखरखाव का कार्य किया जाएगा। इस दौरान पावटा फीडर की पूरी सप्लाई बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि मरम्मत कार्य के चलते 33 केवी जीएसएस भूरी भड़ाज सहित इससे जुड़े क्षेत्रों में भी बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। अभियंता ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए आवश्यक कार्य पहले ही निपटा लेने की सलाह दी है।

# कोटपूतली ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन, ओपी बायला बने उपाध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी संगठन महासचिव ललित तूनवाल द्वारा पीसीसी अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार एवं जयपुर जिला देहात कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष गोपाल मीणा व ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश चंद सैनी की अनुशंसा पर कोटपूतली ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस कार्यकारिणी में पावटा क्षेत्र के ग्राम पंडितपुरा निवासी ओपी बायला को कोटपूतली ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नियुक्ति पर ओपी बायला ने एनएसयूआई प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड़, पीसीसी अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पूर्व विधायक इन्द्रराज गुर्जर, लोकसभा प्रत्याशी अनिल चोपड़ा, पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना, प्रदेश महासचिव देव कसाना एवं कांग्रेस नेता सांवत गुर्जर का आभार जताया। उन्होंने कहा कि वे अपनी नई जिम्मेदारी पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे तथा पार्टी को मजबूत बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

# अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्य शुरु

## लोगों को सुरक्षित निकालने में जुटी सेना, एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ की टीमें

## ऊर्जा मंत्री ने किया प्रभावित क्षेत्रों का दौरा, जिला कलक्टर भी मौके पर पहुंचे

बढ़ता राजस्थान



**कोटा,( दामोदर सिंह )।** कोटा जिले में दो दिन से हो रही लगातार बारिश एवं अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों में जिला प्रशासन ने त्वरित गति से राहत एवं बचाव कार्य शुरु कर दिए हैं। दीगोद तहसील के जल भराव वाले क्षेत्रों का शुक्रवार को ऊर्जा मंत्री श्री हीरालाल नागर ने दौरा किया। ऊर्जा मंत्री ने ट्रैक्टर पर बैठकर दीगोद और डूंगरज्या समेत विभिन्न गांवों का दौरा कर हालात का जायजा लिया। उन्होंने निचली बस्तियों से लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर भेजने एवं बाढ़ ग्रस्त इलाकों में राशन आदि पहुंचाने के निर्देश दिए।

श्री नागर ने सर्वाधिक प्रभावित दीगोद तहसील के नीमोदा गांव पहुंचे और वहां राहत एवं बचाव कार्यों का जायजा लिया। जिला कलक्टर पीयूष समारिया, जिला पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सुजीत शंकर एवं दीगोद एसडीएम दीपक महावर भी मौके पर मौजूद रहे। जिला कलक्टर ने अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों को दौरा किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### राहत एवं बचाव कार्यों के लिए सेना की टुकड़ी पहुंची नीमोदा

जिला प्रशासन के अनुरोध पर राहत एवं बचाव कार्यों में जिला प्रशासन की मदद के लिए मिलिट्री स्टेशन, कोटा से लाईफ बोट एवं अन्य उपकरणों से लैस सेना की गांडीव डिवीजन की इन्फेंट्री रेजिमेंट के 80 जवानों की टीम दीगोद तहसील के निमोदा गांव पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरु किए। सेना की टीम ने नीमोदा पहुंचते ही जल भराव की स्थिति का जायजा लिया और प्रभावित क्षेत्रों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का कार्य शुरु किया। जिला प्रशासन के नेतृत्व में एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ की टीमें भी राहत एवं बचाव कार्यों में सुबह से जुटी हुई हैं। जिन क्षेत्रों में जल स्तर निरंतर बढ़ रहा है वहां से लोगों को निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। बाढ़ से प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाने के साथ ही आवश्यक राहत सामग्री उपलब्ध कराने का कार्य पूरी क्षमता के साथ किया जा रहा है।

- **शहर के जल भराव वाले क्षेत्रों से लोगों को सुरक्षित निकाला**

कोटा शहर में भी जल भराव वाले क्षेत्रों से एसडीआरएफ एवं प्रशासन ने लोगों को नावों की सहायता से निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। नगर निगम एवं एसडीआरएफ की टीमों ने अत्यधिक जल भराव वाले क्षेत्रों से लोगों को निकालकर आश्रय स्थलों पर पहुंचाया।

- **लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना पहली प्राथमिकता**

जिला कलक्टर पीयूष समारिया ने कहा कि प्रशासन पूरी तत्परता के साथ हालात पर नज़र रखे हुए है और प्राथमिकता के आधार पर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाया जा रहा है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में नावें, राहत एवं बचाव उपकरण, दवाईयां, भोजन एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है।

# बाबा भरतरामजी का अवतरण दिवस श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया

**देशभर से आए श्रद्धालुओं ने लिया आशीर्वाद**



बढ़ता राजस्थान

**साहवा/तारानगर ( कृष्ण कुमार )।** तारानगर के चाचाण मोहल्ले स्थित दादूपंथी महान संत बाबा भरतरामजी का अवतरण दिवस शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए।

गुरुवार शाम भादरा से आए राजकुमार मंगालीवाला की टीम ने भजन संध्या में भक्तिमय प्रस्तुतियाँ दीं, जबकि शुक्रवार को नगर में भव्य झांकी का आयोजन किया गया। बाबा के अवतरण दिवस पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और बाबा की महिमा का गुणगान किया।

कार्यक्रम में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय संरक्षक डॉ. श्यामसुन्दर अग्रवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय कुमार चाचान सहित समिति अध्यक्ष लिच्छीराम चाचान, कोषाध्यक्ष कैलाश चाचान, एडवोकेट रतन कुमार चाचान समेत कई गणमान्य उपस्थित रहे। भारत के विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालु भी इस अवसर पर शामिल हुए।

बाबा भरतराम मंदिर के पुजारी प्रकाशचन्द्र मिश्रा ने श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम के समापन पर दिल्ली से आए श्यामसुन्दर चाचान और ईश्वरलाल चाचान ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की छठी पर गोपीनाथ मंदिर में भव्य झांकी व भजन संध्या

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** प्रागपुरा कस्बे स्थित श्रीकृष्ण गौशाला के गोपीनाथ मंदिर में जन्माष्टमी के छठे दिन धूमधाम से श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में भव्य झांकियां सजाई गईं तथा महिलाओं द्वारा भजन संध्या और भदेवा का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में बाल गोपाल श्रीकृष्ण को खीर, पूरी और हलवे का भोग अर्पित किया गया, जिसके बाद श्रद्धालुओं को पंगत प्रसाद वितरित किया गया। पुजारी मोहन लाल भागवती ने बताया कि गुरुवार रात्रि को आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना की।

पंडित बलराम मुद्गल ने जानकारी दी कि इस अवसर पर मंदिर की विशेष सजावट की गई थी और संजीव झांकियों ने भक्तिमय वातावरण बना दिया। ग्रामीणों में उत्साह और खुशी का माहौल छाया रहा।

कार्यक्रम में पूर्व वार्ड पंच राजेंद्र स्वामी, लक्ष्मीनारायण, कमलेश उर्फ कालू सैन, हलवाई राधे-राधे, धोलूराम स्वामी, सजना देवी, सुप्यार देवी, संतोष देवी, आची देवी, सावित्री, सरोज, सुंदेरी, कश्मीरा, मीरा, नीतू, ममता, हेमलता, कृष्णा, कोयली सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# दादाबाड़ी में शास्त्र कल्पसूत्र बोहराए, प्रवचनों से गूंजा परिसर

## कल्पवृक्ष मांगने पर मिलता है, कल्पसूत्र बिना मांगे मिलताः साध्वी विरलप्रभाश्री

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर।** पर्वाधिराज पर्युषण के दूसरे दिन सूरजपोल स्थित दादाबाड़ी में शास्त्र कल्पसूत्र बोहराए गए और प्रवचन आयोजित हुए। साध्वी विरलप्रभाश्रीजी ने कहा कि कल्पवृक्ष मांगने पर फल देता है, लेकिन कल्पसूत्र बिना मांगे भी जीवन में मिलता है।

साध्वी कृतार्थप्रभाश्रीजी ने प्रवचन में कहा कि साधु जहां भी निवास करते हैं वहां मंगल की कामना करते हैं। प्रतिक्रमण जीवन में अनिवार्य है। प्रथम तीर्थंकर के समय साधुओं को पहचानना कठिन था, इसलिए उनके लिए उपयुक्त स्थल चुनना आवश्यक माना गया — जहाँ कीचड़ न हो, ठहरने और आहार की सुविधा हो तथा पठन-पाठन का वातावरण उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि कल्पसूत्र के श्रवण से जिन शासन की प्रभावना होती है और मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होता है।

साध्वी विपुलप्रभाश्रीजी ने बताया कि बारसा सूत्र पूर्ण प्राकृत भाषा में रचित है। कल्पसूत्र के श्रवण के समय जहां कर्म बंधते हैं, वहीं उसके उतरने से कर्मों की निर्जरा भी होती है। सह संयोजक दलपत दोशी ने जानकारी दी कि शुक्रवार से आरंभ हुए शास्त्र कल्पसूत्र के प्रवचन आगामी पांचों दिन तक प्रतिदिन होंगे। साथ ही बारसा सूत्र के प्रवचन भी आयोजित किए जाएंगे।

# कल्पना चावला गर्ल्स कॉलेज साहवा में नई शिक्षा नीति पर सेमिनार

बढ़ता राजस्थान



**साहवा ( कृष्ण कुमार )।** कल्पना चावला गर्ल्स कॉलेज, साहवा में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य नरेश भारी एवं व्याख्याता पवन कुमार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। व्याख्याता पवन कुमार ने छात्राओं को नई शिक्षा नीति के प्रमुख प्रावधानों और उनके प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह नीति शिक्षा को केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रखकर स्किल डेवलपमेंट, नवाचार, उद्यमिता और व्यावहारिक ज्ञान पर विशेष बल देती है, जिससे विद्यार्थियों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

प्राचार्य नरेश भारी ने कहा कि यह नीति विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे इस नीति को समझकर अपने भविष्य को और बेहतर बनाएं। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रभारी मदन लाल ने कॉलेज की गतिविधियों पर प्रकाश डाला, वहीं व्याख्याता दिनेश कुमार ने कहा कि नई शिक्षा नीति विद्यार्थियों के लिए ज्ञान, कौशल और अवसरों के नए द्वार खोलेगी।

कार्यक्रम में कुलदीप सहारण, प्रदीप पचार, रेणु बाला, प्रीति शर्मा सहित कॉलेज का समस्त स्टाफ और छात्राएँ उपस्थित रहे।

# विद्या वैभव शैक्षिक सम्मेलन एवं पुरस्कार 2025 का उद्घाटन, शिक्षकों और स्कूलों को सम्मानित किया गया




बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** दो दिवसीय विद्या वैभव अंतर्राष्ट्रीय शैक्षिक सम्मेलन एवं पुरस्कार 2025 का आज द अनंता रिसोर्ट में उद्घाटन हुआ। मुख्य अतिथि श्री हुजूर डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए आयोजकों को इस मंच को उदयपुर में लाने के लिए बधाई दी।

सम्मेलन में स्वर्गीय महाराजा अरविंद सिंह जी मेवाड़ की स्मृति में दो नए पुरस्कार भी शुरू किए गए। मेवाड़ लिगेसी पुरस्कार स्कूलों के लिए सीडलिंग ग्रुप ऑफ स्कूल्स उदयपुर को और व्यक्तिगत शिक्षा के लिए एमजीडी गर्ल्स स्कूल, जयपुर की निदेशक अर्चना मनकोटिया को प्रदान किया गया।

आज के सत्र में स्कूलों में प्रौद्योगिकी अपनाने और शिक्षा में सतत विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई। बेंगलुरु के डॉ. गुरुराज करजगी ने बदलती मानसिकता पर प्रशिक्षण के प्रभाव पर मुख्य भाषण दिया, जबकि राजकुमारी जाह्नवी कुमारी ने शिक्षा में नीति निर्माण और बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर विचार साझा किए। कार्यक्रम का समापन शिक्षकों और अन्य व्यक्तियों को दस श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान कर किया गया। दूसरे दिन आठ श्रेणियों में स्कूलों के लिए पैनल चर्चा और पुरस्कार वितरण के साथ सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा, जिसमें शिक्षक पारंपरिक परिधानों में रैंप वॉक करेंगे।

# फोर्टी वूमेन विंग उदयपुर की नई कार्यकारिणी गठित

**डॉ. हर्षा कुमावत अध्यक्ष, अधिवक्ता निवेदिता द्विवेदी बनीं सचिव**

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर।** फोर्टी वूमेन विंग उदयपुर की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें डॉ. हर्षा कुमावत को अध्यक्ष और अधिवक्ता निवेदिता द्विवेदी को सचिव चुना गया। फोर्टी वूमेन विंग राजस्थान का प्रमुख व्यापार एवं उद्योग मंडल है, जो महिला उद्यमियों के हितों को बढ़ावा देने तथा सरकार के साथ समन्वय स्थापित करने के लिए कार्य करता है। जयपुर स्थित मुख्यालय द्वारा पदों के लिए प्रस्ताव आमंत्रित करने के बाद यह निर्णय लिया गया। संगठन जल्द ही एक औपचारिक कार्यक्रम आयोजित कर बोर्ड के अन्य सदस्यों की घोषणा करेगा। डॉ. हर्षा कुमावत अध्यक्ष के रूप में फोर्टी की गतिविधियों का नेतृत्व करेंगी और संगठन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगी।

# साहवा के आयुग स्वामी को दिल्ली में मिला सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**साहवा ( कृष्ण कुमार )।** दिल्ली में लिवोरा फ्रेश द्वारा आयोजित एक शाम देश के नाम कार्यक्रम में साहवा मूल निवासी एवं वर्तमान में जयपुर निवासी नितेश स्वामी के 12 वर्षीय पुत्र, जूनियर मॉडल आयुग स्वामी को सम्मानित किया गया।

आयुग स्वामी को बॉलीवुड अभिनेता राजा मुराद, शहबाज खान, अंजली राघव, मुश्ताक़ खान और रितु शिवपुरी जैसी हस्तियों ने मल्टी टैलेंटेड चाइल्ड आर्टिस्ट सम्मान प्रदान किया। मॉडलिंग के क्षेत्र में लगातार उपलब्धियाँ अर्जित कर रहे आयुग विभिन्न नामी ब्रांड्स के साथ कार्य कर चुके हैं। उनकी जीवनी तारे ज़मीन पर मैगज़ीन में भी प्रकाशित हो चुकी है। इससे पूर्व भी वे सिनेमा जगत की कई प्रमुख हस्तियों से सम्मान प्राप्त कर चुके हैं।

आयुग स्वामी की इस उपलब्धि पर कस्बे के लोगों ने उनके परिजनों को बधाई दी और इसे क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण बताया।

## वरिष्ठ चित्रकार गोपाल भारती को आर्ट के क्षेत्र में मानद डॉक्टरेट सम्मान

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर ( का.स. )।** प्रदेश के वरिष्ठ कलाकार गोपाल भारती को लेजेंडरी पीस अवार्ड्स काउंसिल द्वारा मानद डॉक्टरेट अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें कला के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान, उपलब्धियों और समाज पर सकारात्मक प्रभाव के लिए पिछले दिनों दिल्ली में प्रदान किया गया। उनको प्रदान प्रदान किये गए प्रमाणपत्र में भारती की उत्कृष्टता, प्रभाव और सामाजिक महत्व को सराहा गया। कार्यक्रम को भारत सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया है और इसमें कॉरपोरेट अफेयर्स मंत्रालय, नीति आयोग तथा स्स्स्थ मंत्रालय का सहयोग है। डॉ. भारती की रचनात्मकता और कला में नवीन प्रयोगों ने उन्हें विशिष्ट पहचान दिलाई है। यह सम्मान न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है बल्कि भारतीय कला और संस्कृति के लिए भी एक गौरवपूर्ण क्षण है।

## यूनिवर्सिटी महारानी कॉलेज ने महिला सुरक्षा हेतु आत्मरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** यूनिवर्सिटी महारानी कॉलेज ने छात्राओं को सुरक्षा और आत्मविश्वास के आवश्यक कौशल से लैस करने के लिए एक आत्मरक्षा कार्यशाला और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में बीजू जॉर्ज (जेडीए पुलिस आयुक्त, जयपुर), जतिन जैन (आईपीएस), अभिजीत शर्मा (आईपीएस), और सुनीता मीणा (अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, जयपुर) सहित गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया और प्राचार्य प्रो. पायल लोढ़ा और उप-प्राचार्यों ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षणों में कालिका गश्ती दल द्वारा आत्मरक्षा प्रदर्शन, राजकॉप सिटीजन ऐप और हेल्पलाइन (1090, 112) के बारे में जागरूकता, और पुलिस अधिकारियों द्वारा प्रेरक संबोधन शामिल थे। राजस्थान विश्वविद्यालय के छात्रों ने नारी सशक्तिकरण पर एक नुक्कड़ नाटक और नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिससे सुरक्षा, उत्पीड़न और महिला सशक्तिकरण के बारे में जागरूकता बढ़ी। कार्यशाला का समापन सशक्त नारी, जिम्मेदारी हमारी विषय पर शपथ के साथ हुआ, जिसमें महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की सामूहिक जिम्मेदारी पर बल दिया गया।

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम

# चिकित्सा मंत्री ने बच्चों को खिलाई एल्बेण्डाजॉल की दवा, प्रदेश में 3.33 करोड़ बच्चों को दवा खिलाने का लक्ष्य

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को जयपुर स्थित अपने राजकीय निवास पर बच्चों को एल्बेण्डाजोल की दवा खिलाई। उन्होंने बच्चों को दवा खिलाने के साथ ही उनके परिजनों को बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए नियमित अंतराल पर यह दवा खिलाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। उनका स्वास्थ्य अच्छा हो और शारीरिक विकास में किसी तरह की बाधा नहीं आए, इसे ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम देशभर में चलाया जा रहा है। राजस्थान में भी इस कार्यक्रम का प्रभावी तरीके से संचालन किया जा रहा है। प्रदेश में 1 वर्ष से लेकर 19 वर्ष तक के करीब 3 करोड़ 33 लाख बच्चों एवं किशोर—किशोरियों को एल्बेण्डाजोल की दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव श्रीमती गायत्री राठौड़ ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के तहत अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन कर आंगनबाडी से लेकर विद्यालयों तक में 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल दवाओं की खुराक दिलवाई जा रही है। इससे बच्चों व किशोर-किशोरियों में कृमि संक्रमण के प्रसार में प्रभावी कमी दर्ज की गयी है। उन्होंने बताया कि 22 अगस्त को दवा खाने से वंचित रहे बच्चों को 29 अगस्त को मॉप अप दिवस पर दवा खिलाई जा सकेगी।

निदेशक आरसीएच डॉ. मधु रतेश्वर ने बताया कि स्वस्थ्य बच्चे एवं स्वस्थ किशोर स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण मे महत्त्वपूर्ण घटक है। बच्चों व किशोर-किशोरियों में हीमोग्लोबिन की कमी (अनीमिया) का एक कारण कृमि संक्रमण भी है। कृमि अस्वछता और गन्दगी से फैलते हैं और संक्रमित मिट्टी के माध्यम से संचारित होते हैं। कृमि संक्रमण बच्चों के शारीरिक विकास, हीमोग्लोबिन स्तर, पोषण और बौद्धिक विकास पर भी हानिकारक प्रभाव डालता है। निश्चित समयांतराल पर कृमि मुक्ति (डिवर्मिंग) करने से कृमि संक्रमण (पेट के कीडों की समस्या) के फैलाव को रोका जा सकता है।

परियोजना निदेशक शिशु स्वास्थ्य डॉ. प्रदीप चौधरी ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति ही इस वर्ष भी राज्य में 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों एवं किशोर किशोरियों को कृमि से मुक्त करने के उद्देश्य से 22 अगस्त को कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया। इस दिन दवा लेने से वंचित रहे बच्चों हेतु 29 अगस्त को मॉप-अप दिवस का आयोजन किया जाएगा।

# जिला कलक्टर की अध्यक्षता में डीएमएफटी मैनेजिंग कमेटी की बैठक हुई आयोजित

### प्रभावित क्षेत्रों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी जाए तथा स्वीकृत कार्य समयबद्ध पूर्ण करें- प्रियंका गोस्वामी

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** जिला कलक्टर एवं अध्यक्ष जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यास (डीएमएफटी) प्रियंका गोस्वामी की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में ट्रस्ट की मैनेजिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारत सरकार की नवीन गाइडलाइन के अनुसार मैनेजिंग कमेटी के सदस्यों के निर्धारण पर चर्चा की गई।

बैठक में ट्रस्ट की वार्षिक एवं पंचवर्षीय कार्ययोजना तैयार करने पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही प्रभावित क्षेत्रों एवं प्रभावित व्यक्तियों के निर्धारण, ट्रस्ट द्वारा वर्तमान में संचालित कार्यों की प्रगति रिपोर्ट तथा नवीन कार्यों पर प्राप्त प्रस्तावों पर विचार-विमर्श कर अनुमोदन करने के सम्बन्ध में चर्चा हुई।

इस अवसर पर परियोजना प्रबंधक इकाई एवं अक्षय निधि स्थापित करने, नवीन जिले में डीएमएफटी खाते के संचालन से संबंधित बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद जयपुर प्रतिभा वर्मा ने सभी एजेंडा बिंदुओं पर सदस्यों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि डीएमएफटी से संचालित कार्य पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पूर्ण किए जाएं। प्रभावित क्षेत्रों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी जाए तथा स्वीकृत कार्यों का लाभ समय रहते पहुंचाया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने प्रगति की सतत समीक्षा कर गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश अधिकारियों दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर ओमप्रकाश सहारण,अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी महेंद्र सैनी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस दुनिया की सबसे बड़ी जन स्वास्थ्य पहलों में से एक - डॉ. शेखावत

### कृमि से छुटकारा सेहतमंद भविष्य हमारा, राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** जिले में शुक्रवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत ने बच्चों को कृमिनाशक दवा खिलाकर शुभारम्भ किया। डॉ. शेखावत ने कहा कि सबसे पहले वर्ष 2015 में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (एनडीडी) की शुरुआत की गई थी। जिसे सभी सरकारी एवं निजी स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों में 01 से 19 वर्ष की आयु के बच्चों को लक्षित करते हुये लागू किया गया था। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस दुनिया की सबसे बड़ी जन स्वास्थ्य पहलों में से एक है। एल्बेंडाजोल टैबलेट की अगर खुराक छूट जाती है तो मॉप-अप दिवस सत्र आयोजित किया जाता है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी बच्चा छूट ना जायें। एल्बेंडाजोल देने के साथ-साथ, साफ-सफ़ाई, शौचालयों का उपयोग, जूते/चप्पल पहनना, हाथ धोना आदि जैसे व्यवहार परिवर्तन भी पुनः संक्रमण की घटनाओं को कम करने के लिये महत्वपूर्ण हैं। डीएनओ रविकांत जांगिड़ ने बताया कि जिले में चिकित्सा, शिक्षा और महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से सभी विद्यालयों, महाविधालयों, चिकित्सा संस्थानों एवं आंगनबाड़ी केंद्रो में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन किया गया तथा 01 से 19 वर्ष की आयु वाले सभी बच्चों एवं किशोर किशोरियों में कृमि संक्रमण से बचाव हेतु एल्बेंडाजोल दवा खिलाई गई।

### नवीनतम ट्रेंड्स और तकनीक के साथ जयपुर में सजा कैटरर्स एक्सपो

# उद्योग जगत को मिला साझा मंच, व्यापार और नेटवर्किंग के नए अवसर

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर, ( का.स. )।** जयपुर कैटरिंग डीलर्स समिति (रजि.) की ओर से आयोजित आठवां कैटरर्स एक्सपो 2025 शुक्रवार को एंटरटेनमेंट पैराडाइस (ईवी) ईस्ट लॉन जवाहर सर्किल जयपुर में भव्य तरीके से शुरू हुआ। यह आयोजन राजस्थान और जयपुर के कैटरिंग उद्योग के लिए अब तक का सबसे बड़ा और ऐतिहासिक मंच है। इस अवसर पर कई दिग्गज नेता और गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। मुख्य अतिथियों में कैबिनेट मंत्री झाबर सिंह खर्रा, कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल, हवामहल विधायक स्वामी बालमुकुंद आचार्य, नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर, कांग्रेस विधायक रफीक खान, विधायक अमीन कागज़ी , भाजपा नेता रवि नय्यर, पूर्व जयपुर शहर सांसद रामचरण बोहरा शामिल थे। साथ ही जयपुर के कई प्रसिद्ध सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। समिति अध्यक्ष मनोज सेवानी ने बताया कि यह एक्सपो कैटरिंग और होटल मैनेजमेंट उद्योग में नवीनतम ट्रेंड्स और आधुनिक तकनीकों को प्रदर्शित करने का अनूठा अवसर है। इस एक्सपो में देश-विदेश की बड़ी कंपनियां हिस्सा ले रही हैं और कैटरिंग उपकरण, मशीनरी, किचन इक्विपमेंट और व्यावसायिक जरूरत की छोटी-बड़ी वस्तुएं प्रदर्शित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन उद्योग से जुड़े लोगों को एक ही मंच पर लाकर नए व्यापारिक अवसर और नेटवर्किंग के अनुकूल वातावरण प्रदान करेगा। इसके माध्यम से राजस्थान के कैटरिंग उद्योग की श्रेष्ठता, पेशेवर क्षमता और नवाचार को पूरे देश के सामने लाया जा रहा है। इस एक्सपो के माध्यम से स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर के व्यवसायियों को नई तकनीक, किचन इक्विपमेंट और उद्योग के नवीनतम ट्रेंड्स का प्रत्यक्ष अनुभव मिलेगा और उद्योग की प्रगति में नया उत्साह और दिशा प्राप्त होगी।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोटपूतली कार्यकारिणी का गठन

## मैनेजर ओमप्रकाश सैनी उपाध्यक्ष व एड.पवन सैनी प्रवक्ता बने

बढ़ता राजस्थान





**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी संगठन महासचिव ललित तूनवाल द्वारा पीसीसी अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देषानुसार एवं जयपुर जिला देहात कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष गोपाल मीणा व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोटपूतली के अध्यक्ष प्रकाष चंद सैनी की अनुषंसा पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोटपूतली की कार्यकारिणी की घोषणा की गई।

कांग्रेस नेता प्रकाष चंद सैनी की अध्यक्षता में गठित ब्लॉक कांग्रेस में विरेन्द्र कुमार शर्मा (वी.के. नवल) को संगठन महामंत्री की जिम्मेदारी सुपुर्द की गई हैं। वहीं गोपाल सिंह शेखावत, जगदीष आर्य, श्याम सुंदर पालीवाल, राधेष्याम मीणा, ओपी बांयला, छाजुराम सैनी, केएम बंसल, उर्मिला देवी, सांवतराम गुर्जर व ओमप्रकाश सैनी को उपाध्यक्ष बनाया गया हैं। इसी प्रकार एड. नीरज नैनावत, रामकुमार सैनी, राकेष यादव, महेष कुमार सैनी, राजू मीणा, मुकेष, ललित किषोर, दुलीचंद, रामावतार चौहान, इन्द्राज को महासचिव एवं इन्द्राज सैनी को कोषाध्यक्ष बनाया गया हैं। वहीं विनोद सैनी, सुमन सैनी, दिनेष जांगिड़, महेन्द्र रावत, यासिन खान, कमलेष कुमार मीणा, सुभाष चंद, राहुल वाल्मिकी, इन्द्रपाल व जसमीत को सचिव नियुक्त किया गया हैं। इसी प्रकार एड.पवन सैनी व नरेश को प्रवक्ता एवं महेन्द्र सैनी व सुरेश चंद शर्मा को सोषियल मीडिया प्रभारी बनाया गया हैं। जबकि कार्यकारिणी सदस्यों में कृष्ण, अभिषेक गौत्तम, मीनू सैनी, प्रकाश चंद, रोहिताष सैनी, उमराव, कुषाल कुमार, अनिता वाल्मिकी, रवि मीणा, ईष्वर गुर्जर, सुरेन्द्र कुमार, पुष्पेन्द्र कुमार, पी.रविन्द्र, मुकेष आर्य व सुरेष सैनी को शामिल किया गया हैं। उक्त कार्यकारिणी के गठन पर कार्यकर्ताओं ने पीसीसी अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, पूर्व सीएम अषोक गहलोत, पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट व नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली का आभार जताया हैं। संगठन महामंत्री विरेन्द्र शर्मा ने बताया कि शपथ ग्रहण कार्यक्रम जल्द ही आयोजित किया जायेगा। वहीं पीसीसी महासचिव देव कसाना, पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना, पूर्व विधायक रामचन्द्र रावत, युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेष महासचिव भीम पटेल, कांग्रेस नेता सांवत गुर्जर व रामनिवास यादव, युकां के पूर्व प्रदेष सचिव प्रदीप कसाना, युकां नेता राकेष रावत, किशोरी लाल नेताजी, पूर्व पार्षद हनुमान सैनी, जगमाल यादव, सरदाराराम यादव, मालीराम कम्पाउन्डर, पूर्व सरपंच सांवत गुर्जर, रमेष जिंदल, जयराम सैनी, डॉ. अभिलाष मीणा, रामसिंह सिनेटर, कमल मीणा, श्याम सुंदर शर्मा, पवन सैनी, अनिल शर्मा व राकेष खोला आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुये पदाधिकारियों को बधाई दी व आलाकमान का आभार जताया हैं।


नगर पालिका सरमथुरा (धौलपुर) | सेवा • विकास • सहयोग | बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

राजस्थान सरकार

# कार्यालय नगर पालिका मण्डल

सरमथुरा ( धौलपुर ) राज.

E-mail : npsarmathura@gmail.com

क्रमांक :- न.पा.स./मेला/2025/1270 — दिनांक :- 20-08-2025

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका सरमथुरा क्षेत्र में श्री महाकालेश्वर मेला का आयोजन दिनांक 31.08.2025 से 06.09.2025 तक किया जाएगा जिसमें दुकानों का आवंटन 21.08.2025 से 24.08.2025 तक किया जाएगा। यह सूचना सभी इच्छुक व्यक्तियों के लिए है। श्री महाकालेश्वर मेला 2025, सरमथुरा में **'पहले आओ, पहले पाओ'** के आधार पर दुकान आवंटित की जाएगी।

**आवंटन हेतु नियम और शर्ते :-**

1. दुकानों का आवंटन मेला कमेटी द्वारा निर्धारित दरों पर किया जाएगा।
2. एक दुकान के लिए एक से अधिक आवेदक होने पर दुकान आवंटन के लिए तत्समय ही बोली लगाई जाएगी।
3. मेले में किसी प्रकार की असामाजिक गतिविधियों की अनुमति नहीं है।
4. मेले में किसी भी प्रकार के नशे या मादक पदार्थों की बिक्री / सेवन करने की अनुमति नहीं है। किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि पाए जाने पर आवंटन निरस्त कर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।
5. नगर पालिका / स्थानीय प्रशासन द्वारा समय-समय पर आवंटन के संबंध में दिए गए निर्देश में किसी भी प्रकार के वाद-विवाद का अंतिम निर्णय मेला कमेटी का होगा।

**(अमन चौधरी, RAS)**
प्रशासक
नगर पालिका, सरमथुरा

**(दीपक गोयल)**
अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका, सरमथुरा

## सम्पादकीय

# मनी गेमिंग पर रोक

यह एक हकीकत है कि ऑन लाइन मनी गेमिंग यदि लत बन जाए तो यह संपन्न व्यक्ति को भी बदहाल कर सकती है। एक आंकड़े के अनुसार देश में हर साल 45 करोड़ लोग बीस हजार करोड़ गवां देते हैं। सब कुछ गंवा कर आत्महत्या करने के मामले भी प्रकाश में आते हैं। सवाल इन लालच जगाने वाली मनी गेमिंग की पारदर्शिता को लेकर भी उठते रहे हैं। इन्हीं चिंताओं के बाद सरकार ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन विधेयक 2025 लेकर आई है। जिसे अब गंभीर चर्चा के बिना संसद ने पारित भी कर दिया है। यह विधेयक पैसे से खेले जाने वाले किसी भी ऑनलाइन गेम को गैरकानूनी घोषित करता है। दरअसल, सरकार का मानना है कि ऑनलाइन मनी गेमिंग एक सामाजिक और जन स्वास्थ्य के लिये घातक समस्या है। सरकार के मुताबिक, वह ई-स्पोर्ट्स और सोशल गेमिंग को बढ़ावा देने के लिये उत्सुक है, जिसमें कोई वित्तीय जोखिम न हो। निर्विवाद रूप से हाल के वर्षों में ऑनलाइन स्किल गेमिंग उद्योग ने तेजी से विस्तार किया है। जिसमें पूर्व और वर्तमान क्रिकेटरों और फिल्मी सितारों के प्रचार की भी भूमिका रही है। यहां उल्लेखनीय है कि ऑनलाइन गेमिंग का वार्षिक राजस्व 31,000 करोड़ रुपये से अधिक है। इसके साथ ही यह हर साल प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों के रूप में बीस हजार करोड़ रुपये से अधिक का योगदान देता है। लेकिन इसके साथ चिंता का विषय यह भी है कि सुनहरे सब्जबाग दिखाने वाले कई ऑनलाइन गेमिंग एप लत, खेलने वाले आम लोगों के आर्थिक नुकसान और मनी लॉन्ड्रिंग को भी बढ़ावा देते हैं। यही वजह है कि ऑनलाइन गेमिंग में अपनी जमा पूंजी लुटाने वाले बदकिस्मत उपयोगकर्ता नाकामी के बाद आत्महत्या तक करने को मजबूर हो जाते हैं। निस्संदेह सरकार ने ऑनलाइन मनी गेमिंग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाकर एक बड़ा जोखिम भी उठाया है। इसमें सरकार को राजस्व की भारी हानि भी हो सकती है।

वहीं तसवीर का दूसरा पक्ष यह भी है कि कई उद्यमी तेजी से उभरते इस गेमिंग व्यवसाय के पराभव की चिंता जता रहे हैं। बताया जाता है कि देश में जो ग्यारह सौ से अधिक गेमिंग कंपनियां तथा करीब चार सौ स्टार्टअप ऑनलाइन गेमिंग उद्योग से जुड़े हैं, जिनके नियमन के बारे में सोचा जा सकता था। उनकी चिंता है कि इससे बड़ी संख्या में नौकरियां जा सकती हैं। लेकिन सरकार का कहना है कि उसने जनकल्याण को ध्यान में रखकर यह फैसला लिया है। लेकिन दूसरी ओर चिंता जतायी जा रही है कि ऑनलाइन मनी गेमिंग के वैध प्लेटफॉर्म बंद होने से खेलने वाले लोग अनियमित विदेशी ऑपरेटरों के शिकार बन सकते हैं। इंटरनेट का विस्तृत दायरा और विदेशी ऑनलाइन ऑपरेटर विधेयक के प्रमुख उद्देश्यों को विफल करने की कोशिश कर सकते हैं। निस्संदेह, वित्तीय प्रणालियों की अखंडता के साथ-साथ राष्ट्र की सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा होनी चाहिए। माना जा रहा है कि इस नये कानून को बनाने की जरूरत संभवतः छह हजार करोड़ रुपये वाले महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी घोटाले के बाद महसूस की गई। जिसकी जांच सीबीआई और ईडी कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ के कुछ शीर्ष राजनेताओं और नौकरशाहों पर सट्टेबाजी एप के यूएई स्थित प्रमोटरों के साथ संबंध होने के आरोप लगे हैं। जो कथित तौर पर हवाला कारोबार और विदेशों में धन-शोधन के कार्यों में लिप्त बताये जाते हैं। निस्संदेह, यह मामला सभी हितधारकों के लिये एक चेतावनी है, लेकिन इस बाबत कोई भी जल्दबाजी वाली प्रतिक्रिया नहीं दी जानी चाहिए। इसके बजाय, ऑनलाइन मनी गेमिंग के सख्त नियमन और इसे भारी कराधान के अधीन लाना एक व्यावहारिक समाधान हो सकता था। साथ ही पारदर्शिता और जवाबदेही पर जोर देकर उपभोक्ताओं के लिये सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाने की जरूरत थी। इस अभियान में गैर-कानूनी गतिविधियों में लिप्त प्लेटफॉर्मों पर जुर्माना भी लगाया जा सकता था।

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 23 अगस्त की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- जर्मनी के योहानेस गुटेनबर्ग ने 1456 में आधुनिक ढंग के दुनिया के पहले छापाखाने से बाइबिल की पहली प्रति छापी जो गुटेनबर्ग बाइबिल के नाम से प्रसिद्ध हुई।
- मेक्सिको ने 1821 में आजादी की घोषणा की।
- ब्रिटेन ने 1839 में चीन के साथ युद्ध में हांगकांग पर कब्जा किया।
- स्पेन के खिलाफ मोरक्को में 1922 को विद्रोह हुआ।
- तुर्की ने 1922 को एफ्योन में ग्रीक ताकतों के खिलाफ बड़े पैमाने पर हमले आरंभ कीए।
- तत्कालीन सोवियत संघ और जर्मनी के के बीच गैर-आक्रामकता संधि पर 1939 को हस्ताक्षर किये गये।
- युनान के राष्ट्रपति दिमित्रियो मैक्सिमोज ने 1947 में त्यागपत्र दे दिया।
- वल्लभभाई पटेल 1947 में भारत के उप प्रधानमंत्री बने।
- चीन में 1976 को भूकंप से हजारों लोगों की मौत।
- ईरान की सेना ने 1979 में कुर्दों के खिलाफ मोर्चा खोला।
- इराक के सरकारी टेलीविजन पर 1990 में सद्दाम हुसैन के पश्चिम बंदियों के साथ दिखाए जाने के कारण काफी बवाल हुआ।
- पूर्व और पश्चिम जर्मनी ने 1990 में तीन अक्टूबर को एकजुट होने की घोषणा की।
- आर्मेनिया ने 1990 में स्वतंत्रता की घोषणा की।
- सं.रा.अमेरिका के मिसीसिपी यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर को 1997 में चार साल पहले मिला हल्दी का पेटेन्ट रद्द।
- पूनिया हत्याकान्ड जिसमें भारतीय राजनेता रेलू राम पूनिया और उनके परिवार के सात सदस्यों की 2001 में सामूहिक हत्या हुई थी।
- संयुक्त राज्य अमरीका ने 2002 में मिसाइल रक्षा प्रणाली का परीक्षण रोका, इटली ने पाकिस्तान में वाणिज्य दूतावास बन्द करने की धमकी दी।
- ब्राजील में एक अंतरिक्ष यान में प्रक्षेपण से पूर्व ही विस्फोट हो जाने से कम से कम 21 लोग मारे गये, पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ़ ने 2003 में घोषित किया कि पाकिस्तान न्यूनतम सुरक्षात्मक हथियार क़ायम रखेगा।
- अमेरिका के जस्टिन गैटलिन 2004 में 100 मीटर फर्राटा दौड़ जीतकर पृथ्वी के सबसे तेज धावक बने। चिली के निकोलस मासु ने अमेरिका के मार्डी फ़िश को हराकर ओलम्पिक पुरुष एकल टेनिस का स्वर्ण पदक जीत लिया।
- आस्ट्रिया की नताशा काम्पुश अपहरणकर्ता वोल्फगांग प्रिकलोपिल के बंधन से 2006 में आठ साल बाद भागने में सफल रही।
- यूनेस्को के विश्व स्मृति रजिस्टर-2007 में ऋग्वेद की 30 पांडुलिपियाँ शामिल की गईं। पाकिस्तान के सर्वोच्च न्यायालय ने निर्वासित जीवन व्यतीत कर रहे पाकिस्तान के पूर्व मुख्यमंत्री नवाज शरीफ़ को स्वदेश वापसी की अनुमति दी।
- झारखण्ड के मुख्यमंत्री मधुकोड़ा ने 2008 में अपने पद से इस्तीफा दिया।
- उत्तर प्रदेश सरकार ने 2008 में प्रदेश महिला आयोग में 16 सदस्यों को नामित किया।

## विशेष आलेख

# ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025-तनाव, झगड़े और आत्महत्या से समाज को मुक्ति


रामस्वरूप रावतसरे

**संसद में ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025 पास होने के बाद ड्रीम11, माई11सर्किल, एमपीएल, विंजो, गेम्सक्राफ्ट, रम्मी, पोकरबाजी जैसे कई ऐप्स को बंद किए जाएँगे। क्योंकि यह एक ऑनलाइन जुआ की कैटेगिरी में आता है। कुछ गेमिंग कंपनियों का कहना है कि वे जुआ या गलत कामों में शामिल नहीं हैं। और वे कानूनी रूप से काम करती हैं। लेकिन सरकार का कहना है कि पैसा लगाने वाले सभी गेम खतरनाक हैं। इसलिए उन पर रोक जरूरी है।**

हाल हां में लोकसभा ने एक नया कानून पास किया है। इसका नाम है 'प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025।' यह बिल ऑनलाइन गेमिंग से जुड़ी समस्याओं को ध्यान में रखकर लाया गया है। देश में ऑनलाइन गेमिंग बहुत तेजी से बढ़ रहा है। इससे कई लोगों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। बहुत से लोग हर साल हज़ारों करोड़ रुपए हार जाते हैं। इससे समाज में तनाव, झगड़े और मानसिक परेशानी जैसी समस्याएँ भी बढ़ रही हैं।

इस बिल का मुख्य उद्देश्य लोगों को इन खतरों से बचाना है। भारत में लगभग 45 करोड़ लोग ऑनलाइन गेम खेलते हैं। यह बिल उन्हें पैसे वाले गेम्स के जाल में फँसने से रोकेगा। यह कानून ऑनलाइन गेमिंग को एक नियम के दायरे में लाएगा। इससे भारत में गेमिंग का भविष्य सुरक्षित और साफ़ हो सकता है। सरकार ने एक नया कानून बनाया है। यह कानून भारत में ऑनलाइन गेमिंग को कंट्रोल करेगा। इसका मतलब है कि अब गेमिंग के कुछ नियम बनेंगे। सभी को इन नियमों का पालन करना होगा। अब जो ऑनलाइन गेम पैसे से खेले जाते हैं, उन पर रोक लग जाएगी। मतलब आप ऐसे गेम नहीं खेल पाएँगे जहाँ जीतने के लिए पैसे लगाने पड़ते हैं। और न ही ऐसे गेम जहाँ जीतने पर पैसे मिलते हैं। यह नियम लोगों को नुकसान से बचाने के लिए है। जो गेम बिना पैसे के खेले जाते हैं, उन्हें सरकार बढ़ावा देगी। जैसे ई-स्पोर्ट्स और सोशल गेमिंग। इनमें खिलाड़ी अपने दिमाग और कौशल से खेलते हैं। ये गेम मनोरंजन और सीखने के लिए होते हैं। सरकार इन अच्छे गेम्स के लिए एक अलग विभाग बनाएगी। वह नई योजनाएँ भी शुरू करेगी। इससे ई-स्पोर्ट्स और सोशल गेमिंग को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा।

केंद्र सरकार इस बिल को कई गंभीर कारणों से ला रही है। आजकल बहुत लोग ऑनलाइन पैसे वाले गेम खेल रहे हैं। ये गेम अब एक बड़ी सामाजिक और सेहत से जुड़ी समस्या बन गए हैं। कई लोग इन गेम्स में लाखों रुपए हार रहे हैं। उनका पैसा बैंक से खत्म हो जा रहा है। इससे उनके घरों में झगड़े हो रहे हैं। कई बार परिवार बर्बाद हो जाते हैं। कुछ लोग इतना दुखी हो जाते हैं कि आत्महत्या तक कर लेते हैं। ये बहुत चिंता की बात है। सरकार चाहती है कि लोग इस परेशानी से बाहर आएँ। उसका लक्ष्य है कि ऐसी बर्बादी और आत्महत्याएँ रोकी जा सकें।

कुछ ऑनलाइन गेम ऐसे होते हैं जो चालाकी से बनाए जाते हैं। इनका डिज़ाइन लोगों को बार-बार खेलने पर मजबूर करता है। ऐसे गेम्स में कुछ छुपे हुए तरीके होते हैं जो दिमाग को धोखा देते हैं। लोग इन गेम्स के इतने आदि हो जाते हैं कि खुद को रोक नहीं पाते। जब लोग बार-बार खेलते हैं तो वे बार-बार पैसे भी लगाते हैं। इससे उनका बहुत सारा पैसा बर्बाद हो जाता है। इन गेम्स में यह साफ नहीं होता कि गेम को कौन चला रहा है। इससे लोगों की सुरक्षा पर खतरा भी बढ़ जाता है।

वित्तीय धोखाधड़ी और अवैध गतिविधियों का केन्द्र बने ये ऑनलाइन गेम बिना किसी नियम के चल रहे हैं। इनमें लोग असली पैसे लगाते हैं। इन गेम्स की आड़ में कई बार धोखाधड़ी होती है। कुछ लोग इनका इस्तेमाल गलत कामों के लिए करते हैं। कुछ लोग इन गेम्स से कमाए पैसे को छुपा लेते हैं। वे टैक्स नहीं देते। इसे कर चोरी कहा जाता है। कई बार ये पैसे गलत लोगों तक पहुँचते हैं। कुछ मामलों में इनका इस्तेमाल आतंकवाद को पैसे देने में भी होता है। इससे देश की सुरक्षा को खतरा हो सकता है।

सरकार ने साफ किया है कि इस नए कानून से सरकार को शायद करोड़ों रुपए का टैक्स मिलना बंद हो जाएगा, जो ऑनलाइन गेमिंग से आता था। इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव के अनुसार सरकार की पहली प्राथमिकता पैसे कमाना नहीं है, बल्कि समाज को इन गेम्स के बुरे असर से बचाना है। उनका मानना है कि लोगों की भलाई और सुरक्षा पैसों से ज़्यादा ज़रूरी है। इस बिल को लाने का एक और बड़ा कारण है लोगों की ढेरों शिकायतें। सरकार को ऑनलाइन गेमिंग से जुड़ी हजारों शिकायतें मिली थीं, जहाँ लोग अपनी समस्याओं के बारे में बता रहे थे। इसके अलावा, भारत के कई राज्यों ने भी केंद्र सरकार से अनुरोध किया था कि वे इस पर एक सख्त कानून बनाएँ। इन सभी माँगों को देखते हुए सरकार ने यह कदम उठाया है। सरकार ऐसे गेम्स को भी बढ़ावा देना चाहती है जो अच्छे हैं। ये वो गेम हैं जिनसे दिमाग तेज होता है और बच्चों में लीडरशिप की क्वालिटी बढ़ती है। सरकार चाहती है कि ऐसे ई-स्पोर्ट्स और सोशल गेम ज़्यादा से ज़्यादा लोग खेलें।

इन गेमों को अब कानूनी पहचान मिलेगी और सरकार इन्हें आगे बढ़ने में पूरी मदद करेगी। इस नए कानून में ऑनलाइन गेमिंग को रोकने के लिए कई बड़े नियम बनाए गए हैं। सबसे खास बात यह है कि अब पैसे वाले सभी ऑनलाइन गेम पूरी तरह से बंद हो जाएँगे।

इसका मतलब है कि आप ऐसे गेम डाउनलोड नहीं कर पाएँगे, जिनमें आपको पैसा लगाना पड़ता है। इनमें ऑनलाइन फैंटेसी गेम, पोकर, रम्मी, ड्रीम11, माई11सर्किल, या ऑनलाइन लॉटरी जैसे गेम शामिल हैं। इस कानून के तहत जो लोग इन नियमों को तोड़ेंगे, उन्हें कड़ी सजा मिलेगी। जो लोग पैसे वाले गेमिंग ऐप चलाएँगे, उन्हें 1 करोड़ तक का जुर्माना और तीन साल तक की जेल हो सकती है।

## कुपोषित बच्चे, देश के भविष्य पर प्रश्न चिन्ह

# बाल विवाह भी चिंतनीय पहलू


संजीव ठाकुर

**निश्चित तौर पर बच्चे देश के भविष्य होते हैद्य यदि देश का भविष्य ही कुपोषित कमजोर और अविसित रहेगा, निर्बल रहेगा तो सशक्त विकसित भारत की कल्पना करना बेमानी होगाद्य भारत में बच्चों के भुखमरी,कुपोषण और बाल विवाह एक बड़े अभिशाप की तरह सामने आ रहे हैं, बच्चों के कुपोषण और बाल विवाह देश के लिए एक बड़ी कमजोर कड़ी साबित हो रही है।**

यह देश की एक प्रमुख समस्या भी हैद्य देश में कुपोषण से बच्चे यानी आने वाले कल के जिम्मेदार नागरिकों की हालत बहुत ज्यादा चिंताजनक हैद्य सरकारी आंकड़ों के अनुसार देश के 34 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों में 33 लाख बच्चे कुपोषण के शिकार है और इनमें 50 प्रतिशत बच्चे गंभीर रूप से कुपोषित होकर बीमारी को झेल रहे हैं। देश में भले ही जोर शोर से बाल दिवस हर साल मनाया जाता है और उसी पर करोड़ों खर्च कर दिया जाता है। देश में एक महिला तथा बाल विकास मंत्रालय की स्थापना भी की गई है, पर बच्चों के कुपोषण पर नियंत्रण नहीं पाया जा सका है। ऐसी क्या वजह है की नौनिहालों के पोषण के लिए केंद्र या राज्य सरकार के पास इतने संसाधन होने के बावजूद धन मुहैया नहीं हो पाता हैद्य मलेरिया, टीबी और ना जाने अन्य कितनी बीमारियों पर भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने अरबों रुपए खर्च कर दिए हैं, पर जो भारत की मुख्य रीढ़ की हड्डी है यानी कि आने वाले कल के नागरिक वर्तमान के बच्चे यदि कुपोषित हैं तो यह अत्यंत चिंतनीय सोचनीय तथा विचारणीय पहलू है। इसी तरह बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 लागू होने के पश्चात भी बाल विवाह के प्रकरण हजारों की संख्या में सामने आए हैं। निश्चित तौर पर देश में शिक्षा और जागरूकता की कमी के कारण यह भयावह स्थिति बनी है।

दक्षिण के राज्यों में जहां शिक्षा का प्रतिशत काफी अच्छा है पर बाल विवाह के मामले में दक्षिण के राज्य कर्नाटक तथा तमिलनाडु शीर्ष पर मौजूद हैं यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। चिंताजनक लड़कियों के मामले में और ज्यादा है है क्योंकि उनका भविष्य उनकी शिक्षा दीक्षा उनका शारीरिक विकास सब कुछ बाल विवाह से अवरुद्ध हो जाता है।

बाल विवाह को रोकने के लिए समस्त रूप से प्रयास किए जाने चाहिए इस विषय में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने बाल विवाह रोकने पर और उनके संरक्षण पर काफी प्रयास काफी प्रयास किया है। उनकी जानकारी के अनुसार देश में बाल विवाह तथा लैंगिक मतभेद एक चिंताजनक बड़ा पहलू है जिसे हर संभव प्रयास कर प्रतिबंधित किया जाना चाहिए और इसे केवल सरकारी प्रयासों पर छोड़ देना ना काफी है इसे सामाजिक आंदोलन के रूप में लेकर शिक्षा तथा जागरूकता को भी काफी बढ़ावा देना होगा। इसी तरह देश में कुपोषण के मामले में सरकारी एजेंसियों द्वारा एक आर,टी,आई के जवाब में बताया गया कि 34 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों संकलित आंकड़ों के मुताबिक 34 लाख बच्चे कुपोषित पाए गए हैंद्य इनमें सबसे ज्यादा महाराष्ट्र बिहार गुजरात और मध्यप्रदेश हैद्य विगत दिनों करोना संक्रमण के कारण भी बच्चे कुपोषित हुए हैं और आने वाले कल के दिन में भी और बच्चों के कुपोषण कथा मृत्यु की आशंका बढ़ गई हैद्य सरकारी आंकड़ों के हिसाब से 18 लाख बच्चे बहुत ज्यादा कुपोषित है एवं शेष 16लाख बच्चे अल्प कुपोषित हैंद्य जब अरबों रुपए अन्य बीमारियों के संक्रमण में लगाए जा सकते हैं तो एक अभियान के तहत बच्चों के कुपोषण को दूर करने के लिए भी मैराथन प्रयास किए जाने चाहिए ।

## शख्सियत
बढ़ता राजस्थान

नमस्कार साथियों हमारे आज की शख्सियत कॉलम की स्टार है अपने जीवन के 60 साल मेडिकल सेवाओं के माध्यम से समाज को देने वाली सेवानिवृत्ति एएनएम कमलेश कल्ला। बहुत सरल, सहज और अपने कार्य के प्रति निष्ठा रखने वाली महिला हैं। इनका जन्म 15 जुलाई सन 1964 को अलवर में हुआ, चूंकि पिता मेडिकल सेवाओं में थे इसलिए शादी के बाद यह भी मेडिकल सेवाओं में जनता की सेवा करने के लिए आ गई। 27 जून 1985 को पुष्पराज के साथ प्रणय सूत्र में बंधी। लंबे समय लोगों की चिकित्सा सेवाएं करने के बाद अब जुलाई 2024 में सेवानिवृत हुई हैं। इनके दो बच्चे हैं एक बिटिया है सोनल उसकी शादी हो गई है व एक बेटा है गर्वित जोकि सिविल इंजीनियर है, इनके पति पुष्पराज अलवर के जाने-माने बिल्डिंग डिजाइनर और आर्किटेक्ट है। मुझे कोरोना महामारी का वह दौर आज भी याद है जब ये खुद कोविड़ पॉजिटिव हो गई थी हालांकि चिकित्सा विभाग ने इन्हें छुट्टी दे दी थी कि आप घर रेहकर आराम कीजिए लेकिन जनता के दर्द और दुःख देखने के बाद यह रुकी नहीं और लगातार लोगों की सेवाएं करती रही हालांकि इनके कोविड़ बहुत ज्यादा सीवर नहीं होने के कारण इन्होंने जनता की सेवा करना अपना धर्म समझा वहीं दूसरी लहर में इन्हें फिर कोविड़ हो गया,तब 7 दिन यह अपने घर के कमरे में ही कैद रही,लेकिन मन बाहर लोगों की सेवा करने का हो रहा था इसलिए तुरंत ठीक हुई और वार्ड में लोगों की सेवा करने के लिए निकल पड़ी। बहुत बेहतरीन बहु है,बहुत बेहतरीन पत्नी है, बहुत बेहतरीन मां है और बहुत बेहतरीन नर्स हैं। आज भी जिन वार्डो में ये सेवाए देती वहां के लोग इन्हें याद करते हैं। हमेशा लोगों की सेवाओं में आगे रहने वाली है कमलेश कल्ला। टीम बढ़ता राजस्थान आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है।

*-रूपक शर्मा*


कमलेश कल्ला
सेवानिवृत एएनएम

## Today
बढ़ता राजस्थान

### Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 9 | | 8 | | | | | 5 |
| 2 | | | | | | 6 | 8 | |
| | 8 | | | | 1 | | | |
| | | | | 4 | | 7 | | |
| | | | 5 | | 6 | | | |
| | | 6 | | 7 | | | | |
| | | | 1 | | | | 7 | |
| | 4 | 2 | | | | | | 9 |
| 9 | | | | | 7 | | 2 | 3 |

### Yesturday Ans

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 9 | 7 | 8 | 6 | 2 | 1 | 3 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 7 |
| 6 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 | 9 | 4 | 2 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 3 | 7 | 6 | 1 |
| 3 | 7 | 4 | 5 | 1 | 6 | 2 | 9 | 8 |
| 1 | 2 | 6 | 9 | 7 | 8 | 3 | 5 | 4 |
| 5 | 3 | 8 | 1 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 |
| 7 | 4 | 2 | 6 | 3 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 9 | 6 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 2 | 3 |

#### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
शारीरिक-मानसिक अस्वस्थता का अनुभव होगा। छाती में दर्द या किसी विकार से परिवार में अशांति होगी। महिलाओं के साथ मनमुटाव और तकरार होने की संभावना है। सार्वजनिक रूप से मानहानि होने से दुख होगा। मित्रों के साथ

### वृष
परिवार में आज आनंद का वातावरण रहेगा। वाणी की मधुरता और न्यायप्रिय व्यवहार से आप लोकप्रियता प्राप्त करेंगे। आर्थिक लाभ होने की संभावना है। विद्यार्थियों के विद्याध्ययन के लिए अनुकूल समय है।

### मिथुन
आज आप आर्थिक लाभ के साथ समाज में आदर प्राप्त कर सकेंगे। आपके परिवार में सुख और संतोष बना रहेगा। आपकी आय बढ़ेगी और व्यापार में भी लाभ होगा। प्रिय व्यक्ति के साथ सुखद समय बिताएंगे। स्वादिष्ट भोजन मिलेगा।

### कर्क
अविवाहित लोगों के विवाह के योग बनेंगे। आपको पत्नी अथवा संतान से लाभ हो सकता है। व्यापार के लिए होने वाला प्रवास लाभदायक साबित होगा। आपके उच्च अधिकारी आपसे खुश रहेंगे। पदोन्नति होने की संभावना है।

### सिंह
कार्य सफलता और विरोधियों पर विजय का नशा आपके दिलो-दिमाग पर छाया रहेगा, इससे प्रसन्नता अनुभव करेंगे। भाई-बहनों के साथ मिलकर घर पर कोई आयोजन करेंगे। मित्रों, स्नेहीजनों के साथ यात्रा करने का योग है।

### कन्या
आज आपका दांपत्य जीवन सुखमय रहेगा। आयात निर्यात से जुड़े व्यापारियों को धंधे में लाभ और सफलता मिलेगी। आपकी खोई हुई वस्तु वापस मिलने की संभावना है। प्रवास आर्थिक लाभ और वाहन सुख की संभावना है। स्वास्थ्य बना रहेगा। समय से भोजन नहीं मिलेगा।

### तुला
अपनी कला को बाहर लाने के सुनहरे अवसरों को हाथ से न जाने दें। आपकी रचनात्मक और कलात्मक शक्ति अधिक निखरेगी। शारीरिक, मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी। मनोरंजन की प्रवृत्ति में दोस्तों तथा परिजनों के साथ भाग लेंगे।

### वृश्चिक
आज संतान और जीवनसाथी के संबंध में चिंता होगी। वाद-विवाद या चर्चाओं में गहरे न उतरना हित में रहेगा। आत्मसम्मान को ठेस पहुंचेगी। मित्रों के लिए खर्च की संभावना है। पेट संबंधी बीमारियों से तकलीफ होगी।


### धनु
कोर्ट-कचहरी के मामलों में संभलकर कार्य करना उचित रहेगा। ऑफिस में स्त्री वर्ग से लाभ होने की संभावना है। ऑफिस तथा काम-काज की जगह अधिकारियों की नाराजगी का शिकार होना पड़ेगा।

### मकर
सुंदर भोजन, वस्त्र और वाहन सुख की प्राप्ति होगी। काम में सफलता का योग है। दांपत्य जीवन में विशेष मधुरता रहेगी। आज आपके विदेश में बसने वाले स्नेहीजन या मित्रों से शुभ समाचार मिलने की संभावना है।

### कुंभ
पारिवारिक जीवन में उत्साह का वातावरण रहेगा। संतान की प्रगति से आपको संतोष का अनुभव होगा। आज आपको बेचैनी, थकान का अनुभव होगा। शरीर में ताजगी का अभाव रहेगा। इससे काम करने का उत्साह नहीं रहेगा।

### मीन
आपका आज का दिन शुभ फलदायी साबित होगा। निर्धारित काम सफलता से पूरे होंगे। अधूरे काम पूरे होंगे। ननिहाल पक्ष से आनंददायक समाचार मिलेंगे। बीमारी में राहत महसूस होगी। नौकरीपेशा वर्ग को नौकरी में लाभ होगा। आमोद-प्रमोद की प्रवृत्तियों में पैसे खर्च होंगे।

## टोंक के मोहित को गूगल से मिला इंडियाज गाइड सम्मान




बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** गूगल मैप्स ने टोंक के मोहित वैष्णव को इंडियाज गाइड से सम्मानित किया है। उन्हें यह सम्मान स्थानीय स्तर की सटीक और विश्वसनीय जानकारी को डिजिटल माध्यम से वैश्विक स्तर तक पहुंचाने के लिए दिया गया है। गूगल ने मोहित को गिफ्ट्स के रूप में आकर्षक वर्ल्ड मैप स्टिकर्स और गूगल मैप्स का प्रतिष्ठित ब्रॉच भेजा है।

मोहित ने गूगल मैप्स पर 2017 से अब तक लगातार विभिन्न स्थानों की प्रामाणिक समीक्षाएं, लोकेशन की तस्वीरें, लोगों के प्रश्नों के उत्तर और नई जगहों की जानकारी साझा कर रहे हैं। उनके प्रयासों से न केवल स्थानीय लोगों को बल्कि यात्रियों और नए स्थानों पर जाने वालों को भी सटीक जानकारी मिल रही है।मोहित ने बीसलपुर बांध का वीडियो गूगल पर शेयर किया था, उसे 3 लाख 83 हजार लोगों ने देखा है,।4 लाख से ज्यादा ने देखी बीसलपुर बांध की फोटो। 2023 में उन्हें पहली बार गूगल से उपहार प्राप्त हुआ था, जब उनकी साझा की गई तस्वीरों को 5 लाख रंगमंच कलाकार और समाजसेवी भी हैं ।

मूल रूप से टोडारायसिंह के निवासी और वर्तमान में अंबेडकर स्टेडियम के पास रहने वाले 27 साल के मोहित वैष्णव 2004 से रंगमंच से जुड़े हुए हैं। फरवरी 2024 में, उनके थिएटर ग्रुप ने एशिया के सबसे बड़े भारत रंग महोत्सव (असम) में प्रस्तुति दी थी, जिसे खूब सराहा गया।मोहित ने इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में मास्टर डिजिटल डिग्री हासिल की है। वर्तमान में वे रॉकेट लर्निंग संस्था में सीनियर प्रोग्राम मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। उनके पिता ओमनारायण वैष्णव एक वरिष्ठ नर्सिंग ऑफिसर हैं। जब की मां नवरत्ना देवी गृहिणी हैं। मोहित का छोटा भाई रोहित सिविल सर्विसेज की तैयारी कर रहा है।

### कोरोना काल में निभाई थी विशेष भूमिका

कोविड महामारी के दौरान मोहित ने कोरोना का रूप धरकर जागरूकता फैलाने का अनूठा तरीका अपनाया। इसके अलावा उन्होंने मतदान जागरूकता और अन्य सामाजिक विषयों पर भी अपनी रंगमंचीय कला के जरिए प्रभावी संदेश दिए।

## देहलवाल बाबा सिरोही के लिए सरोली से एक दिवसीय पैदल यात्रा हुई रवाना




बढ़ता राजस्थान

**दूनी, (नि.स.)।** ग्राम सरोली में रविवार को वीर तेजाजी महाराज, सरोली के पावन स्थल से श्री देहलवाल बाबा सिरोही के लिए एक दिवसीय पैदल यात्रा को शिव पब्लिक शिक्षा समिति निदेशक डॉ शिवजीलाल चौधरी ने पूजार्चन कर रवाना किया। इस भव्य आयोजन में लोक संस्कृति एवं लोक संगीत की अद्भुत झलक देखने को मिली। पदयात्रा जब सरोली गांव में भ्रमण करती हुई शिव शिक्षा समिति के प्रवेश द्वार पहुँची तो निदेशक शिवजी लाल चौधरी एवं संस्था के सभी कार्मिको द्वारा पुष्पवर्षा, फलाहार वितरण के माध्यम से समस्त पदयात्रियों का आत्मीय स्वागत किया गया। शिव शिक्षा समिति द्वारा पदयात्रा में ध्वज हाथ में लिये भक्तों का पारंपरिक राजस्थानी पगड़ी व दुपट्टे से सम्मान कर अभिनंदन किया गया। लोक संगीत दल को भी दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया, जिनकी प्रस्तुति ने जनमानस को मंत्रमुग्ध कर दिया।इस यात्रा में विशेष आकर्षण का केंद्र घोड़ी नृत्य रहा जिसे देख सभी श्रद्धालु भावविभोर हो उठे, घोड़ी नृत्य के साथ गले में पहनाई गई भक्ति की माला, वीर तेजाजी की कृपा का प्रतीक बनी। यात्रा का राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर जगह जगह स्वागत सत्कार किया गया। पुलिस प्रशासन द्वारा राजमार्ग को एक तरफा कर यातायात व्यवस्था बनाये रखी गई। वही पद यात्रा शाम को देहलवाल मंदिर, सिरोही पहुंचने पर मन्दिर में पूजन अर्चना कर ध्वज चढ़ाया गया और भक्तों ने पंगत प्रसादी ग्रहण की।

## सीएचसी चौमहला में स्थाई महिला चिकित्सक की नियुक्ति, महिलाओं को मिलेगी सुविधा

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला (नि.स.)।** लंबे समय से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौमहला पर महिला चिकित्सक की कमी महसूस की जा रही थी। नागरिकों व सामाजिक संगठनों की मांग पर अंततः चिकित्सा विभाग ने यहाँ स्थाई महिला चिकित्सक की नियुक्ति कर दी है। गुरुवार को डॉ. रक्षिता चौधरी (एमबीबीएस) ने पदभार ग्रहण किया। चिकित्सालय प्रभारी डॉ. राजकुमार बाघेला ने बताया कि अब महिला मरीज अपनी समस्याओं को निःसंकोच साझा कर सकेंगी। इससे महिलाओं को विशेष राहत मिलेगी।

उन्होंने बताया कि बरसात के मौसम में सर्दी-जुकाम, वायरल बुखार जैसे मौसमी रोगियों की संख्या अधिक है और ओपीडी प्रतिदिन 500 से अधिक मरीजों तक पहुँच रही है, जिनमें महिलाओं की तादाद ज्यादा रहती है। नई नियुक्ति से मरीजों को बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी।

## उप कारागृह कोटपूतली में सघन चेकिंग, नहीं मिली कोई आपत्तिजनक सामग्री

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिश्नोई के नेतृत्व में शुक्रवार को उप कारागृह कोटपूतली का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान एसडीएम बृजेश चौधरी, एएसपी वैभव शर्मा और डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरड़क सहित पुलिस अधिकारियों की टीम मौजूद रही। निरीक्षण में थानाधिकारी राजेश कुमार शर्मा, मोहर सिंह, प्रदीप यादव, बाबूलाल मीणा और रिजर्व पुलिस लाइन के जाप्ते ने भाग लिया। टीमों ने जेल परिसर और बैरकों की गहन तलाशी ली तथा 123 विचाराधीन बंदियों से बातचीत कर हालात का जायजा लिया।




### जनता क्लिनिको से दो फार्मासिस्टों हटा करके लगाने के बावजूद सआदत अस्पताल में दव वितरण केन्द्रों में लगी लाइन

# सआदत अस्पताल टोंक में फार्मासिस्टों की कमी दो मुख्यमंत्री निशुल्क दवा केंद्र बंद पड़े

बढ़ता राजस्थान




**टोंक (का.स.)।** राजकीय सआदत अस्पताल टोंक में मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना केंद्र फार्मासिस्टों की कमी के कारण जोड़ तोड़ से चल रहे हैं।ऐसे हालातों में टोंक में इस योजना का पूरा पूरा लाभ मरीजों नहीं मिल पा रहा। राजकीय सआदत अस्पताल टोंक में मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना के तहत आठ दवा वितरण केंद्र संचालित थे। जिनमें चार केंद्र ओपीडी समय में संचालित होते थे तथा दो केंद्रों में से एक केंद्र राजकीय मातृ एवं शिशु कल्याण केंद्र में तथा एक राजकीय सआदत अस्पताल टोंक में इमरजेंसी में संचालित हो रहे थे। लेकिन फार्मासिस्टों की कमी के कारण हाल ही में राजकीय सआदत अस्पताल टोंक में दो दवा वितरण केंद्र बंद किए जाने से अब मरीजों को सिर्फ दो ओपीडी के तथा एक इमरजेंसी के केंद्र से मरीजों को दवा मिल पा रही है। अस्पताल की ओपीडी में मरीजों प्रतिदिन संख्या करीबन ढाई हजार से तीन हजार के बीच होने के कारण इन दो दवा वितरण केंद्र सहित इमरजेंसी के दवा वितरण केंद्र में लंबी लाइन लगी रहती है । ऐसे हालातों में मरीजों को दवाई लेने के लिए घंटों तक लाइन में लगना पड़ता है इतना ही नहीं काफी मरीज को भीड़ देख करके ही बाजारों से दवाईयां लेने को मजबूर होते हैं।ऐसे हालातों में मरीजों को इस योजना का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा। राजकीय सआदत अस्पताल टोंक में वर्तमान में कुल सात फार्मासिस्ट हैं (कलर बोक्स), अस्पताल में संचालित मुख्यमंत्री निशुल्क दवा वितरण योजना को संचालित किए जाने के लिए हाल ही में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग टोंक की तरफ से टोंक शहर में संचालित दो जनता क्लिनिक से फार्मासिस्टों को सआदत अस्पताल में लगाया गया है उसके बावजूद यह जिले का सबसे बड़ा सआदत अस्पताल की फार्मासिस्टों की कमी पूरी भी नही हो पाई जिस कारण दो दवा वितरण केंद्र बंद करना पड़ा। जनता क्लिनिक के दो फॉर्मासिस्टो को राजकीय सआदत अस्पताल में लगाने से शहर की दो जनता क्लिनिको में दवा वितरण योजना ठप्प हो गई।जिससे राज्य सरकार की मुख्यमंत्री निशुल्क दवा वितरण योजना का लाभ आम मरीजों तक पहुंचने के लिए शुरू की गई जनता क्लिनिक भी बंद होने की नौबत आ गई।इस जनता क्लिनिक शुरू किए जाने के पीछे राज्य सरकार की मंशा तिनके कोई भी मरीज चिकित्सा चिकित्सा लाभ से वंचित नहीं थे, ऐसे अशक्त मरीज अपने इलाज के लिए दूर दराज में अस्पताल भी पहुंच सके वह अपने मोहल्ले के समीप ही जनता क्लिनिक से चिकित्सा सुविधा का लाभ उठा सकें लेकिन फार्मासिस्टों के अभाव में यह योजना भी टोंक में फेल होती दिखाई पड़ रही है।

## जिला कलक्टर ने रात्रि चौपाल में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

### ग्रामीणों को केन्द्र व राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** आमजन की समस्याओं के पारदर्शी एवं त्वरित समाधान के उद्देश्य से गुरुवार को जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता में पंचायत समिति बौंली की ग्राम पंचायत झनून में रात्रि चौपाल का आयोजन हुआ। जिला कलक्टर ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की। उन्होंने चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि उनके विभाग द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुगमता से अधिक से अधिक आमजन को पहुंचाएं। ताकि लोगों में सरकार के प्रति विश्वास बना रहे। उन्होंने सभी अधिकारियों को परिवादियों के समस्याओं का संतुष्टिपूर्ण निस्तारण निर्धारित समयावधि में करने के निर्देश दिए है। इस दौरान जिला कलक्टर ने किसानों से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में समय पर बीमा करवाने और खरीफ फसल की ई-गिरदावरी एवं किसान गिरदावरी सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने किसानों को राज किसान एप का उपयोग कर स्वयं गिरदावरी एवं बीमा करने हेतु प्रोत्साहित किया। वहीं राजस्व अधिकारियों को 40 प्रतिशत किसानों को बीमा रजिस्ट्रेशन हेतु कार्यशालाएं आयोजित कर जागरूक करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने चौपाल में सड़क मरम्मत, विद्यालय खेल मैदान से अतिक्रमण हटाने, झुके बिजली पोल बदलवाने, जल निकासी की व्यवस्था दुरस्त करवाने, आबादी भूमि के प्रस्ताव, खेल मैदान की चारदीवारी सहित विभिन्न मांगें रखीं। कलक्टर ने सभी परिवादों को गंभीरता से सुनकर संबंधित विभागों को समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। चौपाल में चिकित्सा, महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण, रसद, कृषि, पशुपालन एवं पंचायती राज विभाग के अधिकारियों ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। ग्रामीणों को निक्षय मित्र बनकर टीबी रोगियों की सहायता करने तथा टीबी मुक्त भारत अभियान में सहयोग देने के लिए प्रेरित किया गया। इसी प्रकार आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र परिवारों को निःशुल्क उपचार की सुविधा का लाभ लेने तथा मंगला पशु बीमा योजना में पशुओं का बीमा करवाने का आह्वान किया गया। कलक्टर ने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि भले ही बेटा या बहू सेवा करें या न करें, लेकिन सरकार पेंशन एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के माध्यम से हर हाल में जनता की सेवा करेगी। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी बौंली सी.पी. वर्मा, बौंली प्रधान कृष्ण पोसवाल, सरपंच सीमा देवी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीलकमल, विकास अधिकारी, तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सोशल मीडिया पर अवैध हथियार लहराने का विडियो वायरल मामले में फरार मुल्जिम गिरफ्तार व दो नाली 12 बोर बन्दूक जप्त

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** जिले की पुलिस थाना दूनी ने अवैध हथियार लेकर लहराने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल किए जाने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मालपुरा मोटाराम बेनीवाल व वृत्ताधिकारी वृत्त देवली के रामसिंह के सुपरविजन में दूनी थानाधिकारी हेमन्त जनागल के नेतृत्व में उदय लाल मय टीम द्वारा अवैध हथियार को हाथ में लेकर लहराने का विडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में संज्ञान लेकर 1अगस्त 2025 को थाना दूनी द्वारा मुल्जिम के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया गया था।इस मामले में फरार मुल्जिम मनोज कुमार पुत्र रामफूल गुर्जर ( 25 )निवासी देवीखेडा थाना दूनी जिला टोंक को गिरफ्तार किया जाकर घटना में प्रयुक्त दो नाली 12 बोर बन्दूक को जब्त किया जाकर मुल्जिम मनोज कुमार को पेश न्यायालय किया गया। जिसको जैल भेजने के आदेश हुए है। सोशल मिडिया पर हथियारो का प्रदर्शन करने वालो पर सतत निगरानी जारी है।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस आयोजित, बच्चों को खिलाई गई कृमिनाशक दवा

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** बच्चों के शारीरिक विकास, हीमोग्लोबिन स्तर, पोषण एवं बौद्धिक विकास के लिए उन्हें कृमि संक्रमण से बचाने को लेकर जिले में 22 अगस्त को कृमि मुक्ति दिवस आयोजित किया गया। एक से 19 साल तक की उम्र के लक्षित बच्चों, किशोर-किशोरियों को कृमि नाशक दवा खिलाई गई। पेट में कीड़े (कृमि) से निजात दिलाने वाली यह दवा जिले के सभी चिकित्सा संस्थानों, विद्यालयों, और आंगनबाड़ी केन्द्रों पर निशुल्क खिलाई गई । वंचित बच्चों को 29 अगस्त को मॉपअप दिवस आयोजित करके दवा दी जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शैलेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि बच्चों के पेट में कृमि संक्रमण एक आम संक्रमण है, जिस कारण पेट की आंतों में कृमि उत्पन्न होने से शरीर के पोषक तत्वों को वे खा जाते हैं। इस कारण खून की कमी और कुपोषण के साथ ही शारीरिक और मानसिक विकास पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। ऐसे में जरूरी है कि संबंधित सभी



विभाग आपसी समन्वय करके शत-प्रतिशत लक्षित बच्चों को कृमिनाशक दवा खिलाना सुनिश्चित करें। लाभार्थी बच्चों को कृमिनाशक दवा खिलाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएं और किसी भी स्तर पर कोई कोताही न बरती जाएं।

अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जितेंद्र शर्मा ने बताया कि यदि बच्चों का पढ़ाई में मन नहीं लगता या भूख नहीं लगती, तो यह कृमि की समस्या हो सकती है। इसलिए बच्चों को दवा दिया जानी जरूरी है। उन्होंने बताया कि यदि अवकाश आदि के चलते दोनों दिवस पर बच्चे दवा से वंचित रह जाते हैं तो आगामी किसी दिवस पर वंचित बच्चों को दवा खिलाई जाए ताकि जिले में एक भी बच्चा दवा से वंचित न रहे।

## जेजेएम में घर-घर नल कनेक्शन के कार्य को शीघ्र पूरा करें-जिला कलेक्टर



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** जल जीवन मिशन के अन्तर्गत शुक्रवार को कलक्ट्रेट सभागार में जल और स्वच्छता मिशन की बैठक जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई। जिला कलेक्टर ने जिले में जल जीवन मिशन के तहत घर-घर नल कनेक्शन की प्रगति की जानकारी ली तथा शेष कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूल, आंगनबाड़ी, ग्राम पंचायत भवन और स्वास्थ्य केन्द्रों में पेयजल पाईप लाईन से टेप कनेक्शन को प्राथमिकता से करने पर जोर दिया। जिला कलेक्टर ने कहा की जेजेएम में गांवों में पाईप लाईन डालने एवं घर-घर नल कनेक्शन के दौरान तोड़ी गई सड़को को पुनः सही करने में संवेदक द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। इसकी शिकायतें आमजन से मिल रही है। विभाग इसकी मॉनिटरिंग करें कि तोड़ी गई सड़को का गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित हो। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता राजेश गोयल ने बताया की जिले में 2 लाख 36 हजार 368 घरों में नल कलेक्शन किए जाने है। इनमें से 1 लाख 54 हजार घरों में यह कार्य पूरा हो चुका है। जो कि लगभग 65 प्रतिशत है। शेष 80 हजार 498 घरों में एक्शन पालन बनाकर इसे शीघ्र पूरा किया जाएगा। जिले के लगभग 84 प्रतिशत स्कूल एवं 72 फीसदी आंगनबाड़ी केन्द्रों में टेप कनेक्शन किया जा चुका है। उन्होने बताया कि जिले में घर-घर नल कनेक्शन के दौरान लगभग 455 किलामीटर लम्बाई की सड़के तोड़ी गई। इनमें से 371 किलोमीटर की सड़कों को रिपेयर कर दिया गया है। अभी 83 किलोमीटर सड़को को रिपेयर किया जाना शेष है। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी परशुराम धानका, एसीईओ ललित कुमार, बीसलपुर परियोजना के एसई मनोज सिंह, विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता केएल पटेल, आईसीडीएस की उप निदेशक सरोज मीणा समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## पुलिस थाने में जब्तशुदा दुपहिया एवं चार पहिया वाहनों की हुई नीलामी, 4 लाख का राजस्व हुआ प्राप्त

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** निवाई थाना परिसर में जब्तशुदा दुपहिया एवं चार पहिया वाहनों की नीलामी हुई। डीवाईएसपी मृत्युंजय मिश्रा ने बताया कि निलामी के दौरान एम.टी.ओ. राजूलाल,कोष कार्यालय प्रतिनिधि राज सिंह, सहायक लेखाधिकारी कन्हैयालाल जैन, गौरी शंकर जाटव टोंक, धर्मराज प्रजापति सहित जिले के अधिकारी मौजूद थे। निलामी के दौरान 38 पुलिस एक्ट में 70 वाहनों की निलामी की गई। जिससे करीब 4 लाख रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। निलामी के दौरान जयपुर, टोंक व चाकसू सहित कई जगह से करीब 43 बोली दाताओं ने भाग लिया।

## जिला कलक्टर ने अतिवृष्टि के दौरान जलभराव से प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण

### भोजन, पानी सहित सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला कलक्टर काना राम ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर अतिवृष्टि से प्रभावित जलभराव वाले क्षेत्रों का दौरा कर बचाव-राहत कार्यो का जायजा। इस दौरान जिला कलक्टर ने काला गौरा भैरव मंदिर के पास लटिया नाले का निरीक्षण कर जलभराव की समस्या का स्थाई समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

उन्होंने रणथम्भौर रोड़ सहित अन्य जलभराव वाले क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों से संवाद किया और उनकी समस्याओं का यथाशीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने सूरवाल बांध में नाव पलटने से बहने वाले लोगों के लिए एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, सिविल डिफेंस की टीमों द्वारा किए जा रहे बचाव-राहत कार्यो का मौके पर जाकर जायजा लिया। उन्होंने शहरी क्षेत्र में जलभराव से प्रभावित लोगों के लिए भोजन, पानी सहित सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश नगर परिषद आयुक्त नरसी मीना को दिए।

वहीं अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा को अतिवृष्टि से प्रभावित जलभराव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति की रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है। उन्होंने आमजन से जलभराव वाले इलाकों में अनावश्यक रूप से प्रवेश न करने, विशेषकर बच्चों और युवाओं को ऐसे क्षेत्रों से दूर रखनें का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि फोटो या वीडियो बनाने के लिए जान जोखिम में न डालें और जलमग्न सड़कों, रपटों और पुलों को पार करने से बचें।

इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा, उपखण्ड अधिकारी दामोदर सिंह, नगर परिषद आयुक्त नरसी मीना सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## रंगविलास के लाल ने किया कमाल, अंकित शर्मा ने शिव सरोली में अध्ययन करते हुवे नीट में की सफलता हासिल

बढ़ता राजस्थान

**दूनी, (नि.स.)।** सरोली स्थित शिव विद्यालय के छात्र अंकित कुमार शर्मा पुत्र रमेश कुमार शर्मा रंगविलास हाल निवासी दूनी ने अपनी कड़ी मेहनत, गुरुजनों व माता पिता के आशीर्वाद से नीट में सफलता प्राप्त की है। शिव पब्लिक शिक्षा समिति,सरोली के निदेशक डॉ. शिवजी लाल चौधरी ने जानकारी देते हुवे बताया कि सफलता की भी अपनी एक अदा होती है, वो उसी के कदम चूमती है जो थक कर भी ना रुका होता है मूल गांव रंगविलास वर्तमान आवास गांव दूनी की पावन धरा से जन्मे, रमेश कुमार शर्मा एवं निर्मला देवी के सुपुत्र अंकित कुमार शर्मा ने नीट परीक्षा में सफलता प्राप्त कर ना केवल माता-पिता, बल्कि पूरे गांव, समाज, विद्यालय और अपने गुरुजनों का मान बढ़ाया है। कक्षा 8 से 12वीं तक की शिक्षा शिव पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल, सरोली से प्राप्त की, फिर कोटा नगरी में दो वर्षों तक कठिन तपस्या के समान पढ़ाई की।

दिन के 13-14 घंटे पढ़ना, परिवार से दूर रहकर हर सुख-सुविधा का त्याग करना, ये कोई आम बात नहीं ये जुनून था, डॉक्टर बनने का!



पहली बार असफलता मिली तो रुकना नहीं आया, दूसरी बार और भी दुगुने जोश से मैदान में उतरे और फिर सफलता उनके चरण चूमने को विवश हो गई। सिर्फ 19 वर्ष की आयु में नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर जी.एम.सी सवाईमाधोपुर जैसे प्रतिष्ठित कॉलेज में प्रवेश पाया।

जैसे ही सफलता की खबर आई पूरे परिवार, गांव और समाज और शिव शिक्षा समिति, सरोली में उत्सव-सा माहौल छा गया। विद्यालय परिवार ने अंकित का स्वागत सम्मान कर मुँह मीठा करवाया और आतिशबाजी की गई।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक पवन माहेश्वरी, प्रधानाचार्य घासी लाल बलाई, प्रधानाध्यापक भँवर लाल गुर्जर, प्राचार्य गोविंद शर्मा, डॉ. शकुन्तला जैन दीपक शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, शंकर बराला , शुभम नामा सहित संस्था के शिक्षक और कार्मिक उपस्थित रहे।

## मुख्य सचिव का अलवर दौरा: विकास कार्यो की जानकारी व कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक ली

# केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं व विकास कार्यो की प्रभावी मॉनिटरिंग कर करें गुड गर्वेनेंस की दिशा में कार्य- पंत

## विभागीय अधिकारियों द्वारा फील्ड वीजिट व मॉनिटरिंग करने, राजस्व अर्जन लक्ष्यों की प्राप्ति व स्किल में उतरोत्तर सुधार पर दिया बल



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** मुख्य सचिव सुधांश पंत ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकार की मंशा के अनुरूप योजनाओं, विकास कार्यो व जन अभाव अभियोगों का समयबद्ध निस्तारण कर गुड गर्वेनेंस अंतिम छोर तक पहुंचाने की दिशा में सजगता और सकारात्मकता के साथ कार्य करें। मु य सचिव सुधांश पंत शुक्रवार को अलवर के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने मिनी सचिवालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत ने केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं, विकास कार्यों,बजट घोषणाओं,जिलें की कानून व्यवस्था, ई-फाईलिंग, राजस्व अर्जन, संपर्क पोर्टल, स्वच्छता अभियान की प्रगति, अवैध खनन व अवैध शराब पर लगाम, नशे की रोकथाम, अधिकारियों के निरीक्षण व मॉनिटरिंग, विद्युत व पेयजल आपूर्ति, राजस्व प्रकरणों, स्किल अपग्रेडेशन व राईजिंग राजस्थान एमओयू प्रगति सहित विभिन्न विषयों की विस्तृत समीक्षा की।

### राजस्व अर्जन को बढायें

मुख्य सचिव ने वाणिज्य कर विभाग, खनिज विभाग, आबकारी विभाग, परिवहन विभाग व रजिस्ट्रेशन व स्टॉ प विभाग की समीक्षा कर निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप राजस्व अर्जन वसूली बढ़ाने पर बल दिया। उन्होंने राइजिंग राजस्थान समिट के दौरान अलवर जिलें में किये गये एमओयू की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने जिला कलक्टर को निर्देश दिए कि सभी एमओयू को धरातल पर लाने के लिए प्रभावी मॉनिटरिंग करें।

पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने जिले की कानून व्यवस्था व साइबर अपराध पर नियंत्रण के लिए चलाये जा रहे अभियान आदि से अवगत कराया साथ ही उन्होंने बैठक में दिये गये निर्देशों की पालना कराये जाने का विश्वास दिलाया।

जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने जिले में संचालित योजनाओं, विकास कार्यो, ई-फाइल व्यवस्था, संपर्क पोर्टल, राजस्व अर्जन सहित विभागों के महत्वपूर्ण कार्य की विस्तृत प्रजेंटेशन देकर मु य सचिव को विश्वास दिलाया कि बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों की जिले में समयबद्ध पालना सुनिश्चित कराई जावेंगी।

बैठक में जिला परिषद के मु य कार्यकारी अधिकारी रविन्द्र सालुखे गौरव,युआईटी की सचिव धाईगुडे स्नेहल नाना, एडीएम प्रथम मुकेश कायथवाल, एडीएम द्वितीय योगेश डागुर, एडीएम शहर श्रीमती बीना महावर, उपखण्ड अधिकारी अलवर माधव भारद्वाज, प्रशिक्षु आईएएस सुश्री ऐश्वयर्म प्रजापत, नगर निगम के आयुक्त जीतेन्द्र नरूका,जलदाय विभाग के अति. मु य अभियंता भवानी सिंह शेखावत, अधीक्षण अभियंता दिनेश वर्मा, विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता सुधीर पांडे, पीडब्लूडी के अधीक्षण अभियंता भूरीसिंह चौधरी, आरटीओ सतीश चौधरी, सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र शर्मा सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहें।

### कलक्ट्रेट की तर्ज पर सभी विभाग करें ई-फाइल पर कार्य

मुख्य सचिव ने अधिकारियों से पिछले माह में निस्तारित की गई फाइलों की संख्या, औसत निस्तारण समय, संचयी कुल फाइल संख्या एवं औसत निस्तारण समय की जानकारी ली। जिसमें कलेक्ट्रेट का ई-फाइल निस्तारण का समय औसत समय करीब एक घंटा मिला। उन्होंने अन्य विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि कलक्ट्रेट की तर्ज पर ई-फाइलिंग कार्य करें।

### अवैध गतिविधियों व नशीले पदार्थो पर लगाए पूर्णतः नियंत्रण

उन्होंने जिलें में अवैध खनन व अवैध शराब के विरूद्ध निरन्तर संयुक्त कार्यवाही कर इस पर पूर्णतः लगाम लगाना के निर्देश दिए। उन्होंने जिले की कानून व्यवस्था की समीक्षा कर पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिए कि जिला प्रशासन से समन्वय रख जिलें में कानून व्यवस्था पर पूर्णतः नियंत्रण रखें। सूचना तंत्र को मजबूत व एक्टिव मोड रखें। साइबर क्राइम, संगठित अपराध आदि पर लगाम लगाने के लिए विशेष कार्य योजना बनाकर कार्य करें। महिला अपराधों पर चर्चा करते हुए उन्होंने थानों में संचालित महिला डेस्क एवं कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की प्रणाली को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए तथा संवेदनशील होकर कार्य करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में नशीले पदार्थों की रोकथाम के लिए लगातार कार्यवाही होनी चाहिए। इस बारे में जागरूकता अभियान भी चलाएं। उन्होंने कहा कि सीएलजी मीटिंग नियमित रूप से आयोजित की जाए।

## भिवाड़ी पुलिस का कमाल - चोरी हुई अण्डों से भरी पिकअप बरामद, दो शातिर गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**भिवाड़ी (नि.स.)।** अपराधियों पर नकेल कसने और जनता में भरोसा कायम रखने के लिए पुलिस ने एक बार फिर अपनी तत्परता और दक्षता का शानदार परिचय दिया है। थाना भिवाड़ी फेज-तृतीय पुलिस ने मात्र 24 घंटे में हरचन्दपुर से चोरी हुई अण्डों से भरी बोलेरो पिकअप का राजफाश कर दिया। इस वारदात को अंजाम देने वाले शातिर अपराधी अलीजान निवासी नूंह (हरियाणा) और जुबेर निवासी डीग (राजस्थान) को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी गई पिकअप सहित घटना में प्रयुक्त बोलेरो और एक अन्य पिकअप भी बरामद की गई। पुलिस अधीक्षक प्रशांत किरण के आदेश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अतुल साहू के निर्देशन और वृताधिकारी कैलाश चौधरी के सुपरविजन में थानाधिकारी सत्यनारायण उपनिरीक्षक के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने इस बड़ी सफलता को अंजाम दिया। टीम ने मुखबिर की सूचना पर कहरानी फैक्ट्री एरिया से संदिग्ध बोलेरो को पकड़ा और गहन पूछताछ में दोनों अपराधियों ने अण्डों से भरी पिकअप चोरी की वारदात कबूल की। जांच में सामने आया कि आरोपी लंबे समय से सुनसान इलाकों और फैक्ट्रियों की रेकी कर रात के समय चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। जुबेर के खिलाफ पूर्व में भी चोरी के कई प्रकरण दर्ज हैं, जिससे उसकी अपराधी प्रवृत्ति स्पष्ट होती है। इस त्वरित कार्रवाई में पुलिसकर्मी बलराम और कमलेश की भी विशेष भूमिका रही। भिवाड़ी पुलिस की इस प्रभावी कार्यवाही ने एक बार फिर यह साबित किया है कि जिले में अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है और चोरी जैसी वारदातें पुलिस की पैनी निगाहों से बच नहीं सकतीं। भिवाड़ी पुलिस की इस उपलब्धि पर स्थानीय लोग भी राहत महसूस कर रहे हैं और पुलिस टीम की सराहना कर रहे हैं। यह कार्रवाई न केवल चोरी का पर्दाफाश है बल्कि अपराधियों के मनोबल को तोड़ने वाली ठोस कार्यवाही भी है।

## पीर संज्यानाथ महाराज का मेला व विशाल भंडारा 25 अगस्त को

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र के उपखण्ड नारायणपुर के प्राचीन पीर संज्यानाथजी महाराज आश्रम पर वार्षिक मेला व विशाल भण्डारे का आयोजन 25 अगस्त 2025 सोमवार को धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ से आयोजन होगा। महंत पीर विवेकनाथ महाराज ने बताया कि भाद्रपद शुक्ल पक्ष की दोयज को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिक मेले एवं विशाल भण्डारे का आयोजन होगा।जिसमें प्रात:10 बजे से जयराम ठेकला एण्ड पार्टी के द्वारा मनोरंजन कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। दोपहर 12 बजे से शाम तक विशाल भण्डारे का आयोजन होगा एवं रात्रि में साधु, संत, महात्माओं के द्वारा भजन-सत्संग का आयोजन होगा।उन्होंने बताया कि मेले में आश्रम के प्रति श्रद्धलु भी दूर-दराज से चलकर मेले में शिरकत करेंगे। मेला कमेटी द्वारा आयोजन को लेकर मंदिर में विशेष तैयारियां जोर-जोर से की जा रही है। जिसमें मन्दिर के रंग पेंन्ट, टूट फूट का कार्य एवं साफ सफाई, सजावट कार्य, पानी, टेंट, वाहनो की पार्किंग व्यवस्था सुचारू रूप से किए जाने के लिए व्यवस्थाएं की जा रही है।

## किडजी स्कूल में कन्या-किशोर कौशल शिविर आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** गायत्री परिवार अलवर द्वारा हसन खां मेवात स्थित किडजी स्कूल में कन्या-किशोर कौशल शिविर का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्रिंसिपल शालिनी के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग 80 विद्यार्थियों ने भाग लिया। शिविर में गायत्री परिवार अलवर की मुख्य प्रबंध ट्रस्टी एवं शिविर समन्वयक डॉ. सरोज गुप्ता ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि गायत्री मंत्र के नियमित उच्चारण से शरीर के हार्मोनल सिस्टम में सकारात्मक परिवर्तन होता है, जिससे एकाग्रता और मानसिक संतुलन बढ़ता है। उन्होंने यह भी बताया कि अच्छी आदतें ही उज्ज्वल भविष्य की नींव रखती हैं। गायत्री परिवार की सदस्य श्रीमती रजनी शर्मा ने बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देते हुए कहा कि बाजारू जंक फूड से बचकर फलों और प्राकृतिक आहार को अपनाना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों और शिक्षकों को प्रज्ञा अभियान पाक्षिक पत्रिका एवं सत्साहित्य वितरित किया गया। उल्लेखनीय है कि डॉ. सरोज गुप्ता के संयोजन में इन दिनों अलवर के विभिन्न विद्यालयों में बड़े स्तर पर कन्या-किशोर कौशल शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

## नया तोहफ़ा : अरबन स्क्वायर गैलेरिया मॉल में 4-स्क्रीन मीराज सिनेमा का भव्य शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (रूपक शर्मा)।** शुक्रवार को अरबन स्क्वायर गैलेरिया मॉल, अपनाघर शालीमार परिसर में 4-स्क्रीन वाले मीराज सिनेमा का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन त्रेहान होम डवलपर्स के सीएमडी हर्ष त्रेहान ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी रेणु त्रेहान तथा पुत्र सारांश त्रेहान और निसर्ग त्रेहान भी उपस्थित रहे। हर्ष त्रेहान ने कहा कि अलवर की जनता ने जो प्रेम और विश्वास दिया है, उसी का प्रतिफल स्वरूप यह उपहार समर्पित है। उन्होंने बताया कि इस मॉल में दिल्ली-गुड़गांव की तर्ज पर ब्रांडेड शोरूम और आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध करवाई जाएंगी। हमारी कोशिश है कि अलवर के विकास में त्रेहान ग्रुप भी अपनी भूमिका निभाए, उन्होंने कहा। प्रेस वार्ता में अपनाघर शालीमार के निदेशक अशोक सैनी ने बताया कि मीराज सिनेमा मनोरंजन के क्षेत्र में विश्व स्तर पर अपनी पहचान बना चुका है। अब अलवरवासी भी आधुनिक और बेहतरीन सिनेमा अनुभव का आनंद उठा सकेंगे।

इस दौरान पत्रकारों को चार स्क्रीन वाले अत्याधुनिक सिनेमा का दौरा भी कराया गया। कार्यक्रम में निदेशक यशपाल इकदाया, रजनी सैनी सहित अपनाघर शालीमार और मीराज परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

### अशोक विहार कर्मचारी कॉलोनी में पानी की किल्लत

**अलवर (का.स.)।** अशोक विहार कर्मचारी कॉलोनी में पानी की गंभीर किल्लत ने स्थानीय निवासियों का जीवन मुश्किल बना दिया है। कॉलोनी में पानी की आपूर्ति केवल दो दिन में एक बार, मात्र 15-20 मिनट के लिए होती है, जिसके चलते लोग अपनी जरूरतें पूरी करने के लिए निजी खर्च पर टैंकर मंगवाने को मजबूर हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि क्षेत्र की सभी पुरानी बोरिंग या तो सूख चुकी हैं या उनमें नाममात्र पानी ही उपलब्ध है। पूरी कॉलोनी की आपूर्ति केवल एक बोरिंग पर निर्भर है, जो बढ़ती आबादी की मांग को पूरा करने में असमर्थ है। सोशल मीडिया एक्टिविस्ट मनीष दुरेजा ने जलदाय विभाग की लापरवाही और तकनीकी समस्याओं को इस संकट का मुख्य कारण बताया।

## अतिरिक्त जिला कलक्टर ने पंचायत समिति बहरोड़ का निरीक्षण किया

बढ़ता राजस्थान



**बहरोड़ (सुभाष यादव)।** अतिरिक्त जिला कलक्टर ओमप्रकाश सहारण ने पंचायत समिति कार्यालय बहरोड़ का निरीक्षण कर आमजन को दी जा रही सुविधाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सामान्य कार्यों, अभिलेख संधारण और विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की जानकारी ली।

ओमप्रकाश सहारण ने विकास कार्यों में गति लाने और योजनाओं से प्रत्येक पात्र को समय पर लाभ पहुँचाने के निर्देश दिए। पीएम आवास योजना ग्रामीण, एमपी एवं एमएलए लैड, पेंशन सत्यापन और स्वामित्व योजना की प्रगति की समीक्षा की। इसके साथ ही स्वच्छ भारत मिशन के तहत नियमित सफाई और कचरा संग्रहण की उचित व्यवस्था पर जोर दिया। उन्होंने मनरेगा के तहत पात्रों को रोजगार उपलब्ध करवा कर विकास कार्य समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों को समयबद्ध, पारदर्शी और प्रभावी तरीके से कार्य संपादन करने के निर्देश दिए गए।

एडीएम ने कार्यालय की स्वच्छता और व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के साथ कार्यों की नियमित समीक्षा सुनिश्चित करने को कहा। इस अवसर पर विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश बावता, प्रधान प्रतिनिधि बस्तीराम यादव एवं अन्य कार्यालय कार्मिक उपस्थित रहे।

## अलवर के मुक्केबाजों का जलवा, स्कूल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में जीते 14 स्वर्ण सहित 29 पदक

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** अलवर के मुक्केबाजों ने कोटपूतली-बहरोड़ में आयोजित वेस्ट ज़ोन सीबीएसई बॉक्सिंग चैंपियनशिप में धूम मचा दी। जिले के खिलाड़ियों ने कुल 29 पदक जीते, जिसमें 14 स्वर्ण, 7 रजत और 8 कांस्य शामिल हैं। प्रतियोगिता में राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और दमन-दीव से लगभग 750 खिलाड़ी भाग लिए। मुकाबले अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग में बालक और बालिका वर्ग में आयोजित किए गए। अलवर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने सभी आयु वर्ग में दमदार प्रदर्शन किया। स्वर्ण और रजत पदक विजेता खिलाड़ी अब राष्ट्रीय सीबीएसई बॉक्सिंग चैंपियनशिप में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस उपलब्धि से अलवर का नाम रोशन हुआ और जिले में मुक्केबाजी के स्तर को नई पहचान मिली। विजेताओं के सम्मान में इंदिरा गांधी स्टेडियम एवं रॉयल एकेडमी स्कूल में भव्य समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि रॉयल एकेडमी स्कूल के निदेशक सूर्यवीर सिंह थे। जिला मुक्केबाजी संघ के पदाधिकारी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे और खिलाड़ियों को बधाई दी।

## नॉलेज सिटी स्कूल में पुस्तक मेले का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** गायत्री परिवार अलवर द्वारा विद्यालयों में चलाए जा रहे जनजागरण अभियान के तहत चिकानी रोड स्थित नॉलेज सिटी विद्यालय में पुस्तक मेले का आयोजन किया गया। मेले में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए विभिन्न ज्ञानवर्धक पुस्तकें प्रदर्शित की गईं।

इनमें शिक्षा और विद्या, स्मरण शक्ति बढ़ाने के वैज्ञानिक तरीके, निरोग जीवन के महत्वपूर्ण सूत्र, गायत्री मंत्र के वैज्ञानिक अर्थ, वृक्षारोपण एक परम पुनीत कर्तव्य, नारी तू निर्मात्री जैसी पुस्तकों सहित गायत्री चालीसा एवं युग साहित्य प्रमुख रूप से रखे गए।

इससे पूर्व गायत्री परिवार ने उमरैण ग्राम में वृक्षारोपण, नशा मुक्ति रैली, आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी कार्यक्रम और कन्या कौशल शिविर का भी आयोजन किया था। वहीं हनुमान मंदिर में पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सत्साहित्य भी रखा गया।

गायत्री परिवार के उपजोन समन्वयक दिनेश चंद्र गुप्ता, मुख्य प्रबंधक ट्रस्टी डॉ. सरोज गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद सेठी, देवकीनंदन अग्रवाल, राधारमन विजय, मुखराम गुर्जर, सुरेंद्र गुप्ता सहित प्रज्ञा मंडल, महिला मंडल और युवा मंडल के सदस्य सक्रिय रूप से जुड़े रहे।

## मेरा कर्म ही मेरा धर्म है,राजनीति में छोटी बातें मंजूर नहीं: जोशी

### युवा भाजपा नेता के जन्मदिन पर दी गई बधाईयाँ और आशीर्वाद



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र के युवा भाजपा नेता एडवोकेट विकास जोशी का जन्मदिन बड़ी गर्मजोशी से मनाया गया। दिनभर सम्मान करने और आशीर्वाद देने वालों का ताँता लगा रहा।

मदभागवत कथा वाचक सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग युवा भाजपा नेता एडवोकेट विकास जोशी के घर पहुँचे और उनका माला साफा पहनाकर सम्मान किया। इस मौके पर युवा भाजपा नेता विकास जोशी ने कहा कि संघ और भाजपा मेरी आत्मा और शरीर है मैं कुछ भी नहीं हूँ जो कुछ है संघ और भाजपा है। मेरे संस्कार संघ द्वारा ऐसे ढांचे में ढाले गए हैं कि मेरा कर्म ही मेरा धर्म है।

इसलिए राजनीती में छोटी हरकतों को कतई बर्दास्त नहीं किया जाएगा।

इस मौके पर बोलते हुए कथा वाचक गौरव शर्मा ने कहा कि एडवोकेट विकास जोशी दिनरात तरक्की करे और इन पर ठाकुरजी की कृपा हमेशा बनी रहे। वहीं दूरभाष पर क्षेत्र के पूर्व मंत्रियों सहित गणमान्य लोगों द्वारा युवा भाजपा नेता विकास जोशी को जन्मदिन की बधाईयाँ मिली। लेकिन प्रत्यक्ष रूप से सेवानिवृत कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष, वसुंधरा राजे समर्थक मंच राजस्थान के प्रदेश उपाध्याय बृजमोहन शर्मा,भाजपा नेता डॉ गजेन्द्र ज्ञानपुरिया, गौरक्षक और भाजपा नेता जीतेन्द्र शर्मा, एडवोकेट संकेत लाटा, पूर्व भाजपा आईटी सैल के विजय कुमावत,सुरेन्द्रसिंह चौहान, विष्णु सोनी द्वारा जन्मदिन की शुभकामनाएं दी गई तथा अप्रत्यक्ष रूप से दूरभाष के जरिए कई पूर्व मंत्रियों और भाजपा नेताओं सहित अनेक दलों के नेताओं और कार्यकर्त्ताओं ने युवा भाजपा नेता एडवोकेट विकास जोशी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# कोटा में बाढ़

## लोगों को बचाने आर्मी पहुंची

### जिले के 9 रास्ते बंद, सेना के ट्रक में बैठकर गांव पहुंचे बिरला; आज स्कूलों की छुट्टी





### सेना के जवानों ने पानी भराव वाले क्षेत्रों में रेस्क्यू कर लोगों का बाहर निकाला

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** कोटा में बारिश से शहर और ग्रामीण इलाकों में हालत बदतर हो गए। ग्रामीण दीगोद इलाके में बाढ़ के हालात होने पर सेना को बुलाया गया। सेना के जवानों ने पानी भराव वाले क्षेत्रों में रेस्क्यू कर लोगों का बाहर निकला। प्रभावित लोगों तक खाने-पीने का सामान भी पहुंचाया गया। निमोदा गांव में कई कच्चे मकान गिर गए। यहां सेना के जवान देर रात तक रेस्क्यू में लगे रहे। वहीं लोकसभा स्पीकर ओम बिरला और ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने भी प्रभावित क्षेत्रों को दौरा किया। बिरला सेना के ट्रक में बैठकर दीगोद निमोदा हरीजी में बिगड़े हालात का जायजा लेने पहुंचे। सुल्तानपुर में भी बारिश से पानी-पानी हो गया। अमरपुरा और खेड़ली काल्या तालाब ओवर फ्लो होने से घरों में पानी घुस गया। रेस्क्यू टीम बुजुर्गों और बच्चों को गोद में लेकर पानी से बाहर लेकर आई। नीमली गांव के पास दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर भी पानी भर गया। भारी बारिश के अलर्ट के मद्देनजर शनिवार(23 अगस्त) को स्कूलों की छुट्टियां घोषित कर दी गई हैं। कोटा में अब तक 969.5 मिमी बारिश हुई है। कोटा में बीते 24 घंटे में 127.1 एमएम बारिश हुई है। वहीं बारिश के कारण कोटा के 9 रास्ते बंद हो गए।

#### शहर की कॉलोनियां पानी में डूबी

शहर में भी सड़कें भी जलमग्न है। शहर की करीब 6 कॉलोनियां पानी में डूबी हुई है। केंद्रीय स्कूल-2 में भी पानी भर गया है। कोटिल्य नगर देवली अरब रोड में पानी भर गया। एक बुजुर्ग एवं बीमार महिला को निकालने के लिए निगम की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। मौसम विभाग ने जिले में भारी बारिश की संभावना जताई है। इसे देखते हुए कलेक्टर पीयूष समारिया ने 23 अगस्त को स्कूलों में अवकाश घोषित किया है, हालांकि पहले से तय परीक्षाएं होंगी।

#### पानी से बचने छत पर बैठे लोग

दीगोद थाना क्षेत्र के निमोदा गांव में बैरवा समाज के रामदेवजी मंदिर के पास स्थित गोविंद मेघवाल का मकान टापू बन गया है। परिवार के सभी लोग छत पर बैठे गए और प्रशासन से मदद की गुहार लगाई।

### सुल्तानपुर में बाढ़ के हालात, बस्तियों को खाली करवाया

सुल्तानपुर कस्बे में गुरुवार रात से तेज बारिश हो रही है। इस कारण सुल्तानपुर सहित आस-पास के पूरे इलाकों में जलभराव जैसे हालात हो गए हैं। अमरपुरा और खेड़ली काल्या तालाब ओवर फ्लो हो गया है। मेदपुरा और संजय नगर सहित तलाई मोहल्ले में खाड़ी और नालों का पानी घुस गया है जिससे मेदपुरा और तलाई मोहल्ले में आगे कच्चे मकान गिर गए।

#### दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर पानी भरा

सुल्तानपुर में नीमली गांव के पास दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर भी पानी भर गया। सुल्तानपुर के मुख्य बाजार में खाड़ी की पुलिया से लेकर भीरा रोड बस स्टैंड तक दुकानों में पानी घुस गया है। इससे व्यापारियों को भारी नुकसान होने की संभावनाएं है। पूरे बाजार की दुकान बंद है। स्टेट हाईवे 70 कोटा-श्योपुर मार्ग पर 3 से 4 फीट पानी है।

## कोटा की खुशी जाडेजा ने राजस्थान शूटिंग चैंपियनशिप में जीता कांस्य पदक

### राजस्थान शूटिंग चैंपियनशिप में खुशी जडेजा का परचम,जीता कांस्य पदक

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( विनोद गौड़ )।** बजरंग नगर स्थित नम्रता आवास की निवासी खुशी जाडेजा ने 23वीं राजस्थान शूटिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 583/600 अंक अर्जित कर 50 मीटर फाइटर आर्म जूनियर वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में राज्यभर से लगभग 200 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसमें खुशी ने अपने सटीक निशाने और निरंतर मेहनत के दम पर यह उपलब्धि हासिल की। जूरी सदस्य ओम प्रकाश चौधरी ने खुशी जडेजा को कांस्य पद पहनाकर सम्मानित किया।

#### निरंतर मेहनत का परिणाम

खुशी जाडेजा ने बताया कि इस सफलता का श्रेय वह अपने कोच अशोक पाल सिंह जादोन और जितेंद्र सिंह चौहान को देती हैं, जिनके मार्गदर्शन ने उन्हें यह मुकाम दिलाया। उन्होंने कहा कि वे प्रतिदिन 4 से 6 घंटे अभ्यास और व्यायाम करती हैं, जिसके बल पर यह सफलता संभव हो सकी। खुशी का अगला लक्ष्य है इंडिया टीम में अपनी जगह पक्की करना और देश के लिए ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतकर तिरंगे को ऊंचाई पर लहराना।

## बूंदी में कजली तीज महोत्सव में बारिश में भी जमी रही कव्वाली की महफ़िल

बढ़ता राजस्थान





**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** बूंदी में आयोजित कजली तीज महोत्सव-2025 के मेला मंच पर मशहूर कव्वाल रईस अनीस साबरी ने अपनी दमदार प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। तेज बारिश के बावजूद भी श्रोता अंत तक अपनी जगह पर डटे रहे और कव्वाली का लुत्फ उठाया।

कार्यक्रम की शुरुआत में साबरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा स्पीकर ओम जी बिरला समेत सभी अतिथियों और बूंदी के लोगों का शुक्रिया अदा किया।

उन्होंने प्यार से प्यार का सामान बनाया जाए... जैसी कव्वाली के साथ अपनी प्रस्तुति शुरू की, जिसमें उन्होंने इंसानियत का संदेश दिया।

इसके बाद, उन्होंने देशभक्ति, एकता और भाईचारे पर आधारित कई कव्वालियां प्रस्तुत कीं, जिनमें बहती है ये प्रेम की गंगा... और हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई सबका नारा है यह भारत देश हमारा है... जैसी रचनाएं शामिल थीं। दर्शकों ने इन प्रस्तुतियों पर जोरदार तालियां बजाईं।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हमीद खान मेवाती (प्रदेश अध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा राजस्थान), डॉ. मजीद मलिक (कमांडो राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य), और ए. जी. मिर्ज़ा (चेयरमैन सर्वोदय एजुकेशनल ग्रुप कोटा) जैसे गणमान्य व्यक्ति रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुई और सभी अतिथियों का सम्मान किया गया। नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल, उपसभापति लटूर भाई, नगर परिषद आयुक्त धर्मेंद्र मीणा और कई पार्षद भी इस अवसर पर मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन अधिवक्ता राजकुमार दाधीच ने किया।

## नानी बाई रो मायरो कथा के दूसरे दिन नरसी-मीरा चरित्र से गूंजी कृष्ण भक्ति

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** श्री माहेश्वरी समाज कोटा से संबद्ध माहेश्वरी महिला मंडल की ओर से माहेश्वरी भवन में आयोजित नानी बाई रो मायरो कथा के दूसरे दिन समाजजनों का उत्साह बारिश को भी मात देता रहा। कथावाचक आचार्य राधाचरण जी महाराज ने अपने मुखारविंद से नरसी मेहता चरित्र और मीरा बाई चरित्र का वर्णन करते हुए भक्ति की शक्ति और प्रभु पर अटूट विश्वास का महत्व बताया।कार्यक्रम में महिला मंडल की अध्यक्ष प्रीति राठी और सचिव सरिता मोहता ने बताया कि मुख्य यजमान के रूप में विष्णु साबू परिवार, बजरंग बाबू परिवार एवं गोवर्धन खुवाल परिवार शामिल रहे। इस अवसर पर अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा पश्चिमांचल के उपसभापति राजेश कृष्ण और सूरज बिरला का सानिध्य समाजजनों को प्राप्त हुआ।माहेश्वरी महिला मण्डल की ओर से कृष्ण भक्ति से ओतप्रोत झांकियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। नेहा हल्दिया ने मीरा बाई, नेहा काल्या ने नसीया जी, वहीं शिवांक, लाव्यांश और ऋतिक ने कृष्ण का रूप धारण कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

#### भावपूर्ण कथा का सार

आचार्य जी ने नरसी की हुंडी का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि जब भक्ति निस्वार्थ और सच्ची होती है, तो भगवान स्वयं भक्त की रक्षा के लिए उपस्थित होते हैं। चुनौतियाँ और भगवान श्रीकृष्ण द्वारा भक्त-रक्षा का वचन मुख्य संदेश रहा। साथ ही मीरा चरित्र के माध्यम से यह बताया गया कि सामाजिक विरोध और तिरस्कार के बावजूद दृढ़ भक्ति व्यक्ति को हर मुश्किल से पार करा देती है।

## नागा जी के बाग में हो रही तमाम प्रकार की अव्यवस्थाओं को शीघ्र सुधारने का मामला अदालत में पहुंचा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** नागा जी के बाग में हो रही तमाम प्रकार की अव्यवस्थाओं को शीघ्र सुधारने का मामला अदालत में पहुंच गया है। इस मांग को पूरा करवाने को लेकर वकील सहित तीन जनों ने अदालत में जनहित याचिका पेश की है। इस पर अदालत ने कोटा विकास प्राधिकरण आयुक्त को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया है। अगली सुनवाई 11 सितंबर को होगी। वकील लोकेश कुमार सैनी, जगदीश अरविंद एवं धर्मबंधु आर्य ने बताया कि नयापुरा क्षेत्र स्थित नागा जी का बाग मंदिर परिसर और बगीचा बेकार हालत में है। यहां गोठ और छोटे मांगलिक कार्यक्रमों के लिए निर्धारित राशि जमा करवाने के बाद अनुमति दी जाती है। उन्होंने बताया कि केडीए उक्त स्थान से आय की इच्छा तो रखता है। परंतु इस ओर कोई ध्यान नहीं है। यहां पूर्व में ?2100 की रसीद काटी जाती थी। अब 4200 रुपए की कर दी गई है। उन्होंने बताया कि नागा जी के बाग में पूर्व मुखी हनुमान जी मंदिर के पास खाना बनाने के लिए स्थान निर्धारित है। जहां टीनशेड लगे हुए थे। जो पिछले कई माह से गिरे पड़े हैं। यहां पत्थर टूटे हुए हैं। बंदरों से बचाव के लिए यहां जलीय भी नहीं लगाई गई है। यहां शौचालय के दरवाजे टूटे हुए हैं। टाइल्स टूटी हुई है। नियमित सफाई नहीं होती है । मंदिर परिसर में टूटे पत्थर इधर-उधर पड़े हैं। छोटे बच्चे यहां खेलते समय इन उखड़े पत्थरों से चोटिल भी हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि 12 साल पूर्व उक्त स्थान का कायाकल्प किया गया था। इसके बाद यहां मेंटेनेंस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। दोबारा कायाकल्प होना एवं मेंटेनेंस पर ध्यान दिया जाना एवं लोगों के आकर्षण का केंद्र बनाया जाना और लोगों को अच्छा माहौल दिया जाना आवश्यक है।



## कोटा में चार दिवसीय शिल्प एवं व्यापार उत्सव का आगाज़

### कोटा डोरिया, जोधपुरी जूतियां और ऑर्गेनिक मसाले बने मेले का आकर्षण

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र तथा जिला प्रशासन कोटा के तत्वावधान में ग्रामीण हाट परिसर, किशोर सागर तालाब के पास नयापुरा कोटा में चार दिवसीय शिल्प एवं व्यापार उत्सव का आयोजन किया गया है। यह उत्सव 22 अगस्त से 25 अगस्त तक चलेगा, जिसमें जिले एवं जिले से बाहर के हस्तशिल्पी एवं दस्तकार भाग ले रहे हैं। इस आयोजन का उद्देश्य स्थानीय हस्तशिल्प, 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' योजना के अंतर्गत पहचाने गए उत्पादों एवं स्थानीय कलाकारों को प्रोत्साहन देना तथा उनके शिल्प और उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराना है।

### महिंद्रा ने लॉन्च की नई CEV-V रेंज

## अत्याधुनिक तकनीक से लैस कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** महिंद्रा समूह की कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट डिविजन ने शुक्रवार को अपनी उन्नत बीएस-5 श्रृंखला के निर्माण उपकरण लॉन्च किए। ये नई मशीनें अपने-अपने सेगमेंट में नए मानक स्थापित करेंगी, अत्याधुनिक फीचर्स, बेहतर आराम, उच्च उत्पादकता और प्रदर्शन के साथ नवीनतम उद्योग मानकों का पालन सुनिश्चित करती हैं। में अपनी नई बीएस-5 श्रृंखला के निर्माण उपकरण लॉंच किये, जिसमें अर्थमास्टर एसएक्स बैकहो लोडर और रोडमास्टर जी100 मोटर ग्रेडर शामिल हैं। ये उन्नत उपकरण उच्च-शक्ति वाले इंजन के साथ-साथ बीएस-5 उत्सर्जन मानकों को पूरा करते हैं।

अर्थमास्टर बैकहो लोडर में बढ़ी हुई टॉर्क क्षमता के साथ नई, बड़ी और एर्गोनोमिक कैबिन दी गई है, जो लंबे कार्य घंटों में ऑपरेटर की सुविधा और उत्पादकता सुनिश्चित करती है। वहीं, रोडमास्टर मोटर ग्रेडर जो अपने सेगमेंट में 22त्न से अधिक बाजार हिस्सेदारी के साथ अग्रणी है, अब और अधिक शक्ति प्रदान करता है ताकि सड़क निर्माण परियोजनाओं को तेजी से पूरा किया जा सके।

नई बीएस-5 श्रृंखला के उपकरण उच्चतम दक्षता और प्रदर्शन सुनिश्चित करते हैं। अर्थमास्टर बैकहो लोडर में स्टैंडर्ड मोड में प्रति लीटर उच्चतम उत्पादकता और ईंधन दक्षता की गारंटी दी गई है। इसके अलावा, इसमें अपटाइम सर्विस गारण्टी भी शामिल है जिसमें मशीन को 48 घंटे में मशीन को सही करने की जिम्मेदारी कम्पनी की है अन्यथा एक हजार रूपये प्रतिदिन का मुआवजा कम्पनी द्वारा ग्राहक को दिया जाता है।

महिंद्रा के निर्माण उपकरणों के लिए 115 से अधिक अधिकृत सेवा एवं स्पेयर सेंटर, डीलर डिस्ट्रीब्यूटर का मजबूत नेटवर्क है, जिससे ग्राहकों को हर समय भरोसेमंद सर्विस और स्पेयर पार्ट्स उपलब्ध रहते है।

इस अवसर पर महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के उत्तर भारत के क्षेत्रीय प्रबंधक रवि शर्मा-ने कहा,हमारे निरंतर प्रयास, अत्याधुनिक उत्पाद और तकनीकों को पेश करने के साथ-साथ स्थानीय निर्माण पर जोर, 'मेक इन इंडिया' पहल के प्रति महिंद्रा की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। नई बीएस-5 श्रृंखला के निर्माण उपकरणों की पेशकश, भारत सरकार द्वारा निर्धारित स्थिरता लक्ष्यों की दिशा में हमारे प्रयासों को दोहराती है। नई बीएस-5 श्रृंखला के प्रमुख उपकरण- अर्थमास्टर बैकहो लोडर, उच्च-शक्ति वाला 74 एचपी इंजन, बीएस-5 उत्सर्जन मानकों के अनुरूप, नई बड़ी और एर्गोनोमिक कैबिन आईमैक्स टेलीमैटिक्स तकनीक के साथ बेहतर प्रदर्शन और दक्षता लंबे कार्य घंटों में ऑपरेटर के आराम और उत्पादकता को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। नई बीएस-5 श्रृंखला के साथ महिंद्रा, निर्माण उद्योग में सतत विकास, उच्च दक्षता और ग्राहक संतुष्टि के नए मानक स्थापित कर रहा है। महिंद्रा के उपरोक्त उत्पाद पूरी तरह मेड इन इण्डिया, मेड फोर इण्डिया सिद्धांत पर आधारित हैं और चाकण, पुणे के ग्रीनफील्ड प्लांट में निर्मित किए जाते हैं। कम्पनी के स्थानीय डीलर, युनिवर्सल अर्थ मूवर्स के नितिन गर्ग ने बताया की अब तक 15,000 से अधिक मशीनें भारतभर में बेची जा चुकी हैं और एमसीई वर्तमान में मोटर ग्रेडर सेगमेंट में पहले नम्बर पर है। इनकी सभी मशीनें 2 वर्ष या 4000 घंटे की वारंटी के साथ आती हैं।तथा प्रति लीटर डीजल पर उच्चतम उत्पादकता प्रदान करती है।



## बूंदी में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ, सभापति ने बच्चों को खिलाई दवा

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** बूंदी में शुक्रवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम की शुरुआत हो गई है। नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल ने राजकीय महारानी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में बच्चों को अल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर इस महत्वपूर्ण अभियान का आगाज किया।

**कार्यक्रम का उद्देश्य और आयोजन**-यह कार्यक्रम 1 से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों को कृमि संक्रमण से मुक्त करने के लिए चलाया जा रहा है। कृमि संक्रमण से बच्चों में एनीमिया (खून की कमी) और कुपोषण जैसी समस्याएं हो सकती हैं, जो उनके शारीरिक और मानसिक विकास में बाधा डालती हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए, यह अभियान स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग और शिक्षा विभाग के आपसी सहयोग से आयोजित किया गया। इस मौके पर चिकित्सा विभाग के अति मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कमलेश शर्मा ने कृमि संक्रमण की रोकथाम और अल्बेंडाजोल की गोली के फायदे बताए। उन्होंने कहा कि यह दवा पूरी तरह सुरक्षित है और बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी है।

## शहर में मास्टर प्लान के तहत अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तेज़

### दो दिन में 55 स्थानों से हटे अतिक्रमण, व्यापारियों ने जताया रोष



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** नगर परिषद ने मास्टर प्लान के तहत धूलकोट से रेलवे स्टेशन तक प्रस्तावित 40 से 50 फीट चौड़ी सड़क के लिए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तेज़ कर दी है। गुरुवार को लाल बाजार से सब्जी मंडी तक दुकानों को तोड़ा गया, जबकि इससे एक दिन पहले जगदीश तिराहे क्षेत्र में कार्रवाई हुई थी। दो दिन में कुल 55 स्थानों से अतिक्रमण हटाए जाने का दावा किया गया है।

कार्रवाई के दौरान कई दुकानदार अपना सामान समेट भी नहीं पाए और जेसीबी ने दुकानें ध्वस्त कर दीं। बाद में व्यापारी मलबे में दबा सामान निकालते नज़र आए। व्यापारी वर्ग ने आरोप लगाया कि तय सीमा से अधिक तोड़फोड़ की जा रही है। उनका कहना है कि जहाँ 8 फीट तक तोड़ने का प्रावधान है, वहाँ 16 फीट तक कार्रवाई हुई है। उन्होंने मांग की कि कार्रवाई से पहले स्पष्ट सूचना दी जाए और सामान निकालने के लिए पर्याप्त समय दिया जाए।

अचानक हुई इस कार्रवाई से बाजारों में खलबली मच गई। कई व्यापारियों ने बाजार बंद कर विरोध जताया। जिन दुकानदारों ने हाईकोर्ट से स्टे लिया है, उन्होंने उसकी कॉपी दुकानों पर चस्पा कर दी।

व्यापारी नितिन मंगल ने कहा कि बिना समय दिए की गई कार्रवाई का विरोध किया जाएगा। नगर परिषद आयुक्त अशोक शर्मा ने बताया कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई मास्टर प्लान के अनुसार की जा रही है। यह योजना शहर के विकास की धुरी बनेगी। अमृत रेलवे स्टेशन से हाईवे तक 40 फीट चौड़ी सीसी रोड बनेगी, जिससे यातायात व्यवस्था और सौंदर्यीकरण में सुधार होगा।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस-2025 - कलक्टर ने बच्चों को पिलाई दवा

### कोई भी बच्चा दवा से वंचित न रहे, नशा मुक्ति अभियान का हो सफल क्रियान्वयन



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस-2025 के अवसर पर शुक्रवार को जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा ने बालकृष्ण उच्च माध्यमिक विद्यालय, कांकरोली में बच्चों को कृमि मुक्ति की दवा (एल्बेंडाजॉल) पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया।

कलक्टर हसीजा ने कहा कि कृमि संक्रमण बच्चों के पोषण स्तर और मानसिक विकास को प्रभावित करता है। दवा नियमित लेने से उनकी सेहत, शिक्षा और जीवन गुणवत्ता में सुधार होता है। उन्होंने अपील की कि 1 से 19 वर्ष तक का कोई भी बच्चा कृमि मुक्ति की दवा से वंचित न रहे। उन्होंने छात्रों को व्यक्तिगत स्वच्छता, नियमित हाथ धोने और साफ-सफाई की आदत अपनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही युवाओं को नशा मुक्ति का संदेश देते हुए कहा कि शीघ्र ही जिले में नशा मुक्ति अभियान शुरू किया जाएगा, जिसमें सभी को सक्रिय भागीदारी करनी चाहिए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. हेमन्त कुमार बिन्दल ने बताया कि कृमि संक्रमण से खून की कमी, कुपोषण, कमजोरी, भूख न लगना और विकास रुकने जैसी गंभीर समस्याएं होती हैं।

एल्बेंडाजॉल की एक खुराक बच्चों को इन समस्याओं से बचाकर उनके स्वस्थ भविष्य का मार्ग प्रशस्त करती है। इस अवसर पर प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. रमेश रजक, डिप्टी सीएमएचओ डॉ. महेन्द्र सिंह खंगारोत, चिकित्सा अधिकारी डॉ. राधेश्याम कुमावत, स्वास्थ्यकर्मी, आशा सहयोगिनी, विद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन विद्यालय प्रधानाचार्य प्रमोद पालीवाल ने किया। उन्होंने पुष्पगुच्छ और ईकलाई पहनाकर अतिथियों का स्वागत किया और अंत में आभार व्यक्त किया।

# फिल्मी अंदाज में दिया लुटेरों ने लूट को अंजाम

## अजमेर जिले के भिनाय थाना क्षेत्र के राताकोट गांव का है मामला

बढ़ता राजस्थान





**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर जिले के भिनाय थाना क्षेत्र में निकटवर्ती ग्राम राताकोट में गुरुवार मध्य रात्रि बाद अज्ञात हथियार बन्द लुटेरों ने पीड़ित परिवार के साथ मारपीट, जानलेवा हमला कर लूट की वारदात को अंजाम देकर फरार होने का मामला सामने आया है। गंभीर वारदात से पूरे गांव में दहशत फैल गई व सैकड़ों लोगों ने पीड़ित के साथ पुलिस थाना भिनाय पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी रिपोर्ट में पीड़ित गोपी पुत्र भागीरथ जाट, उम्र 70 वर्ष, निवासी राताकोट ने बताया कि 21/22 अगस्त की दरमियानी रात करीब 8-10 नकाबपोश बदमाश उसके घर की चारदीवारी फांदकर भीतर घुसे। आरोपियों के पास तलवारें, चाकू और एक पिस्तौलनुमा हथियार था। घर में घुसते ही बदमाशों ने मकान मालिक एवं उनके परिवारजनों पर हमला कर सोने-चांदी के आभूषण, नकदी एवं मोबाइल फोन छीन लिए। हमले में घर मालिक गोपी, उसकी पत्नी व बहुओं को गंभीर चोटें आईं, जिन्हें धमकाकर गहने और बक्से की चाबी छीनी गई। आरोपी बक्सा तोड़कर उसमें रखे सोने व चांदी के गहने भी ले गए। घटना के दौरान बदमाशों ने परिवार के बच्चों को भी हथियार की नोक पर बंधक बनाया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस को दी रिपोर्ट में मकान मालिक ने बताया कि वह राताकोट पुलिस थाना भिनाय जिला अजमेर का रहने वाला है । बीती रात को अपने घर पर परिवार के साथ सो रहा था तभी उसके घर की चार दिवारी को फांद कर करीब 8-10 व्यक्ति नकाबपोश घर में घुसे जिनके हाथ में तलवारे , बद्दिया और चाकू एक पिस्तौल थी। नकाबपोश बदमाशो ने आते ही उसके के परिवार के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया और कहा कि घर में पैसा रकम कहा पर पड़ी है वह कुछ बोलता उससे पहले ही एक पजामा कुर्ता पहने लम्बे व्यक्ति ने उसके कानो में पहने सोने की मुरकिया ओर झेले दोनों को कानों को भंग कर तोड़ लिया। ओर गले में पहने सोने के मालिये को दुसरे ने तोड़ा, उसकी जेब में रखे चार हजार रूपये व दो मोबाईल फोन छीने लिए। उसके बाद लगातार उसके साथ मारपीट करते रहे। और रकम कि पूछते रहे उसके परिवार जिसमे उस समय पुत्रवधू परमेश्वरी और पोत्र मनीष व पोत्री सुमन बचाने के लिये दौड़े तो वहा पर सभी व्यक्तियों ने उसकी पुत्रवधू व बच्चो के साथ मारपीट की, पुत्रवधू को चोटी पकड कर जमीन पर घसीटा तथा लात गुस्सो से मारपीट कि तथा गला दबाकर कहा कि जल्दी से रकम ओर पैसे बता नहीं तो तुझे और बच्चो को जान से खत्म कर देंगे । इतना कहते ही दो तीन व्यक्तियों में से एक दो व्यक्तियों ने उसके पोत्र व पोत्री को पकड लिया पिस्तौल नूमा संरचना उसके बच्चो की कनपटी पर तान दी ओर उसकी पुत्रवधू को कहा जल्दी से पहना हुआ मादलिया दे ओर कानो कि पहनी सोने कि झुमरिया झपटा मारकर तोड़ ली । ओर कहा कि रण्डी तुम्हरा पूंजी व गहना निकाल नहीं तो तेरे बेटे को जान से मार देंगे। पुत्रवधू डर गयी ओर कहा कि इस बक्से कि चाबी दे दे। कुछ बोलती उससे पहले चोरो के हाथ में लोहे कि राड थी जिससे बक्से का ताला तोड़ दिया उसमे रखे पुत्रवधू के चाँदी के पैरो के कड़े, तथा चाँदी कि कनकती, व चांदी कि पायजम, ओर दूसरी पुत्रवधू मंशा की रखी हुई सोने का मंगलसूत्र, सोने के नेकलिस, चाँदी कि कनकती व पायजम लेकर ओर धमकाने लगे तभी आस पास आवाज सुनकर उसके चिलाने कि आवाज से सभी व्यक्ति गेट खोलकर भाग गये । पुलिस ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 189(2), 331(6), 305(ए), 307 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच सहायक उप-निरीक्षक गिरधारी सिंह के सुपुर्द की है। पुलिस टीम आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। इस सन्दर्भ में स्थानीय पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।

## डांग में बाबू महाराज का लक्खी मेला शनिवार से

### चार दिन में 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा ) ।** उपखंड क्षेत्र डांग स्थित कूदिन्ना थून थान पर लोकदेवता बाबू महाराज का लक्खी मेला शनिवार 23 अगस्त से प्रारंभ होगा, जो 26 अगस्त तक चार दिनों तक चलेगा। मेले में देशभर से 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना जताई गई है। आयोजन की तैयारियों का जायज़ा लेने के लिए उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी, विकास अधिकारी अनिल शर्मा और सोने का गुर्जा थाने के एसएचओ महेश चंद्र सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने मेला स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने मेला कमेटी से व्यवस्थाओं की जानकारी ली और हर व्यवस्था को पूर्व से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मेला कमेटी अध्यक्ष मास्टर भगवान सिंह और कोषाध्यक्ष राममुकुट गुर्जर ने बताया कि श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए दुकानों का आवंटन, बिजली-पानी की सुविधा, पार्किंग स्थल और यातायात प्रबंधन जैसी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मेले में कांवड़ चढ़ाने की परंपरा 23 से 24 अगस्त तक चलेगी। 25 अगस्त को भाद्र मास शुक्ल पक्ष दूज के अवसर पर मुख्य आयोजन होगा, जब बाबू महाराज का लक्खी मेला भरेगा और दूर-दराज़ से आए श्रद्धालु दर्शन करेंगे। इस दिन शाम को भक्तों की ओर से श्रद्धालुओं की समस्याओं की सुनवाई भी की जाएगी। एसडीएम त्यागी ने बताया कि पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा मेले तक पहुंचने वाले मार्ग दुरुस्त किए गए हैं। बिजली-पानी की व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। सुरक्षा के लिए सोने का गुर्जा, बसई डांग और बाड़ी सदर पुलिस थाना क्षेत्रों से पुलिस बल तैनात रहेगा, साथ ही अतिरिक्त जाप्ता भी लगाया जाएगा।

तैयारियों की समीक्षा के दौरान विकास अधिकारी अनिल शर्मा, मेला कमेटी उपाध्यक्ष पीतम भगत, मास्टर सरनाम सिंह, सचिव शीशराम, सदस्य कुलदीप कंसाना, जैनेंद्र सिंह, देशराज गुर्जर, बालेश्वर गुर्जर, बाबू भगत देवी सिंह, लाल सिंह, दुर्ग सिंह, सरपंच रमेश सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और ग्रामीण मौजूद रहे।

## किन्नरों द्वारा जबरन बधाई वसूली पर रोक लगाने की मांग

### अग्रवाल समाज ने सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** स्थानीय अग्रवाल समाज ने उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा को ज्ञापन सौंपकर विवाह अथवा पुत्र जन्म पर किन्नरों द्वारा मनमानी बधाई राशि वसूले जाने पर रोक लगाने की मांग की। समाज अध्यक्ष विजय गुप्ता की अध्यक्षता में हुई कार्यकारिणी बैठक में मंत्री प्रमोद सिंघल ने कहा कि आम परिवारों से उनकी आर्थिक क्षमता से कहीं अधिक धनराशि मांगी जाती है, और विरोध करने पर अभद्र व्यवहार किया जाता है। इस पर सदन की सहमति बनी कि खुशी के अवसर पर अधिकतम 5100 रुपये, एक साड़ी व एक जोड़ी वस्त्र ही बधाई स्वरूप दिए जाएं। वहीं आर्थिक रूप से कमजोर परिवार अपनी इच्छा अनुसार कम राशि भी दे सकते हैं। ज्ञापन में कहा गया कि मुंहमांगी रकम न देने पर किन्नर परिवारजनों को डराते-धमकाते हैं, यहां तक कि निर्वस्त्र होकर भय का माहौल बना देते हैं। कई लोग मजबूरी में उधार लेकर भुगतान करते हैं। समाज ने मांग की कि यदि भविष्य में किसी भी अग्रवाल परिवार से किन्नरों द्वारा जबरन वसूली, धक्का-मुक्की, अश्लील हरकत या धमकी दी जाती है तो दोषियों पर तत्काल कार्रवाई हो। उपखंड अधिकारी ने आश्वासन दिया कि यदि किन्नरों द्वारा किसी प्रकार की जबरदस्ती की जाती है तो त्वरित कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर समिति संयोजक पंकज गर्ग, धर्मेन्द्र मित्तल, अनिल सिंघल, ताराचंद, शैलेश मित्तल, नरेश गर्ग, विजय अग्रवाल, सूरजभान, रघुपत गर्ग, राजेश गोयल, शुभम गुप्ता सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे।

## कृषि पर्यवेक्षकों ने किया ऑनलाइन फसल कटाई प्रयोगों का बहिष्कार, सरकार से मांगें पूरी करने की अपील

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** कृषि पर्यवेक्षक संयुक्त समन्वय समिति के आह्वान पर कृषि पर्यवेक्षकों ने 22 अगस्त को उपखंड अधिकारी बाड़ी को ज्ञापन सौंपकर ऑनलाइन फसल कटाई प्रयोगों के बहिष्कार की घोषणा की। जिला मंत्री राममुकट गुर्जर ने बताया कि संगठन की 11 सूत्रीय मांगों को लेकर पहले चरण में सहायक निदेशक कृषि विस्तार धौलपुर को और दूसरे चरण में मुख्यमंत्री व कृषि मंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया जा चुका है। बावजूद इसके सरकार द्वारा अब तक मांगे पूरी नहीं की गईं। इसी कारण 18 अगस्त से सभी कृषि पर्यवेक्षक विभागीय ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार कर रहे हैं। बाड़ी ब्लॉक अध्यक्ष विजय कुमार गौड़ ने कहा कि राजकिसान सत्यापन एप से कृषकों की पत्रावलियों का समय पर भौतिक सत्यापन नहीं हो पा रहा है। इससे किसानों को तारबंदी, फार्मपॉन्ड, सिंचाई पाइपलाइन व कृषि यंत्र जैसी विभागीय योजनाओं में अनुदान मिलने में देरी हो रही है। वहीं सीसीई एप से फसल कटाई प्रयोग ऑनलाइन संपादित न होने पर किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा क्लेम मिलने में भी कठिनाई होगी। कृषि पर्यवेक्षक राजकुमार शर्मा ने स्पष्ट किया कि जब तक सरकार मांगों पर द्विपक्षीय वार्ता कर समाधान नहीं करती, तब तक आंदोलन चरणबद्ध रूप से जारी रहेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला मंत्री राममुकट गुर्जर, बाड़ी ब्लॉक अध्यक्ष विजय कुमार गौड़, वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक राकेश कुमार, कृषि पर्यवेक्षक राजकुमार शर्मा, लोकेश कुमार, सवाई सिंह यादव, सागर कोली सहित कई कृषि पर्यवेक्षक मौजूद रहे।

## शिक्षा मंत्री मदन दिलावर की पहल पर कुंभलगढ़ में दो दिवसीय चिंतन शिविर का आगाज




बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** प्रदेश के शिक्षा मंत्री श्री मदन दिलावर की पहल पर कुंभलगढ़ में शुक्रवार से दो दिवसीय 'चिंतन शिविर' की शुरुआत हुई। शिविर में शिक्षा क्षेत्र के विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और अधिकारियों ने शैक्षणिक उन्नयन, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, विद्यार्थियों के समग्र विकास और विद्यालयों की आधारभूत सुविधाओं जैसे विषयों पर सारगर्भित चर्चा की।

शिक्षा मंत्री श्री दिलावर ने कहा कि शिक्षा केवल सफलता तक सीमित नहीं रहनी चाहिए बल्कि बच्चों को अच्छे नागरिक बनाने का भी दायित्व निभाना जरूरी है।

उन्होंने रोजगारपरक शिक्षा को बढ़ावा देने, ड्रॉप आउट दर को शून्य करने और भारतीय ज्ञान परंपरा को हर विद्यार्थी तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप की यह धरती विश्वभर को प्रेरणा देती है, यहाँ से ऊर्जा और जागरण की भावना मिलती है। दो दिन के चिंतन से जो अमृत निकलेगा उससे पूरा प्रदेश लाभान्वित होगा।

विशिष्ट शासन सचिव विश्वमोहन शर्मा ने बताया कि शिविर में देशभर के शिक्षाविद, चिंतक और विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों के विशेषज्ञ शामिल हुए हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश ने मिड-डे मील में श्रीकृष्ण भोज और अतिथि माता जैसी नवाचार योजनाओं से राष्ट्रीय स्तर पर सराहना पाई है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने जानकारी दी कि वर्तमान में प्रदेश में 62 हजार से अधिक विद्यालयों में 1.66 करोड़ छात्र अध्ययनरत हैं और 5.71 लाख शिक्षक कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि डिजिटल नवाचार, पौधारोपण अभियान और संस्कारयुक्त शिक्षा के क्षेत्र में राजस्थान ने नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। पहले दिन विशेषज्ञों ने नामांकन बढ़ाने, ड्रॉपआउट कम करने, शिक्षा में नैतिकता व जीवन मूल्यों का समावेश, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन, संस्थागत सुधार और बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर अपने विचार रखे।

## बच्चों के शारीरिक और बौद्धिक विकास के लिए जरूरी कृमि नाशक दवा - जिला कलक्टर

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर 5 लाख 98 हजार बच्चों को मिलेगा लाभ

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर जिला कलक्टर श्रीनिधि बी. टी. ने कलेक्ट्रेट परिसर में दो बच्चों को एल्बेंडाजोल दवा खिलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि बच्चों के सम्पूर्ण शारीरिक और बौद्धिक विकास के लिए कृमि नाशक दवा आवश्यक है। इस अवसर पर जागरूकता पोस्टर का विमोचन भी किया गया। जवाहर नवोदय विद्यालय में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में बच्चों को कृमि संक्रमण से बचाव के बारे में जानकारी दी गई और एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने बताया कि बच्चों को हर छह माह में एल्बेंडाजोल देना जरूरी है, ताकि उन्हें कृमि संक्रमण, खून की कमी, कुपोषण और विकास संबंधी समस्याओं से बचाया जा सके। अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गौरव मीणा ने कहा कि कृमि आंतों में पोषक तत्वों को खा जाते हैं, जिससे बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास पर नकारात्मक असर पड़ता है। इस अभियान के तहत जिले के सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों और आंगनबाड़ी केन्द्रों पर दवा नि:शुल्क उपलब्ध कराई गई है। स्वास्थ्यकर्मी, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर भी बच्चों को यह दवा खिला रहे हैं। जिला प्रशासन ने बताया कि यदि कोई बच्चा 22 अगस्त को दवा लेने से वंचित रह जाता है तो 29 अगस्त को मॉप-अप राउंड में उन्हें एल्बेंडाजोल उपलब्ध कराया जाएगा।

## धौलपुर-राजाखेड़ा मार्ग पर गहरे गड्ढे, वाहन फंसने से आए दिन जाम

### भाजपा ने कलेक्टर से सड़क मरम्मत की मांग की

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** जिले की सबसे व्यस्त धौलपुर-राजाखेड़ा सड़क इन दिनों बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है। सांडा गांव से दूं का पुरा तक करीब दो किलोमीटर लंबे मार्ग पर गहरे गड्ढों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं और भारी वाहन फंस जाने से घंटों तक जाम की स्थिति बनी रहती है। यह मार्ग उत्तर प्रदेश की सीमा को जोड़ता है और दर्जनों गांवों को जोड़ने के कारण यहां भारी ट्रैफिक रहता है। बारिश से पहले ही सड़क पर गड्ढे बन गए थे, लेकिन बरसात के दौरान जलभराव से स्थिति और भी बिगड़ गई है। दुपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोग बताते हैं कि अधिकारी प्रतिदिन इसी रास्ते से गुजरते हैं, फिर भी सड़क की मरम्मत की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। भारतीय जनता पार्टी ने इस समस्या को गंभीर बताते हुए जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया कि गड्ढों के कारण वाहन चालकों को लगातार दिक्कत झेलनी पड़ रही है और बड़ी दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। बरेह मोरी निवासी मनोज सिसौदिया ने बताया कि हाल ही में दूं का पुरा गांव के पास एक बाइक सवार युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई थी।

# रतन सिंह ताराखेड़ी बने रावत राजपूत महासभा के प्रदेश महामंत्री, समाज में हर्ष

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( नि.स. )।** राजस्थान रावत राजपूत महासभा ब्यावर की कार्यकारिणी का शुक्रवार को विस्तार किया गया, जिसमें कपासन (चित्तौड़गढ़) के समाजसेवी रतन सिंह ताराखेड़ी को प्रदेश महामंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस नियुक्ति से समाजजनों और युवाओं में उत्साह और हर्ष का माहौल है। जानकारी के अनुसार, महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पन्ना सिंह जोकड़िया के निर्देशानुसार यह नियुक्ति सर्वसम्मति से की गई। कार्यकारिणी विस्तार में समाज सेवा में समर्पित कार्यकर्ताओं को अवसर दिए जाने पर समाजजनों ने खुशी व्यक्त की। सोशल मीडिया और दूरभाष माध्यम से शुभकामनाएं देने का सिलसिला पूरे दिन जारी रहा। नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री रतन सिंह ताराखेड़ी ने महासभा के शीर्ष नेतृत्व और समाजजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे समाज सेवा और संगठन की मजबूती के लिए पूर्ण निष्ठा से निभाएंगे।

# कोतवाली के सीआई राम सुमेर मीणा सहित पुलिस अधिकारियों का सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा ( नि.स. )।** उत्कृष्ट पुलिस सेवाओं और अपराध नियंत्रण में उल्लेखनीय योगदान देने पर कोतवाली थाना निंबाहेड़ा के सर्किल इंस्पेक्टर राम सुमेर मीणा सहित पुलिस अधिकारियों और पुलिसकर्मियों का राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद की ओर से सम्मान किया गया। पिछले दो वर्षों से सीआई राम सुमेर मीणा और उनकी टीम ने क्षेत्र में अपराधियों में भय और आमजन में विश्वास कायम करने के साथ ही संगीन अपराधियों की धरपकड़ में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इनके प्रयासों से अपराध नियंत्रण में उल्लेखनीय सफलता मिली है। सम्मान समारोह में सीआई राम सुमेर मीणा, एसएचओ कन्हैयालाल मीणा, एएसआई सूरज कुमार बेरवा, एएसआई नवलराम जाट, एएसआई जुल्फिकार अहमद, हरविंदर सिंह मीणा, वीरेंद्र मीणा और देवेंद्र कुमार को मेवाड़ी पगड़ी पहनाकर, प्रतीक चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर परिषद के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष बिहारीलाल सोलंकी, प्रदेश महासचिव रामचंद्र बामनिया, जिला संरक्षक उदयराम पहाड़िया, जिला अध्यक्ष जय सिंह मीणा, नगर महासचिव शांतिलाल लाड़ना, नगर उपाध्यक्ष मांगीलाल बामनिया, ब्लॉक युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष दिलखुश मीणा, प्रगतिशील मेवाड़ सेवा संस्थान अध्यक्ष राजन गांवरी सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# पहली बार होगा श्री शिव महापुराण कथा, तैयारियों का सिहोर से आई टीम ने लिया जायजा



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** प्रख्यात कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मुखारबिंद से धर्मनगरी भीलवाड़ा में पहली बार 9 से 15 सितम्बर तक श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। इस भव्य आयोजन की तैयारियों का जायजा लेने मध्यप्रदेश सिहोर से पंडित मिश्रा के प्रतिनिधि समीर शुक्ला अपनी टीम के साथ शुक्रवार को भीलवाड़ा पहुंचे। समीर शुक्ला ने सर्वप्रथम श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर के महंत बाबूगिरी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया और तैयारियों को लेकर चर्चा की। इसके बाद आयोजन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी, संयोजक गजानंद बजाज व अन्य पदाधिकारियों के साथ आजादनगर स्थित मेडिसिटी ग्राउंड पर पहुंचे। उन्होंने मंच और पांडाल निर्माण, प्रवेश-निकासी मार्ग, पार्किंग, सुरक्षा तथा भोजनशाला की व्यवस्थाओं का अवलोकन कर आवश्यक सुझाव दिए। साथ ही पंडित प्रदीप मिश्रा एवं उनकी टीम के ठहरने से संबंधित प्रबंध भी देखे। आयोजन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष सोमानी ने बताया कि समिति अध्यक्ष विधायक अशोक कोठारी के नेतृत्व में कथा आयोजन को सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। सभी पदाधिकारी एवं सदस्य समाज के विभिन्न वर्गों के सहयोग से इस धार्मिक आयोजन को भव्यता प्रदान करने में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि कथा के दौरान लाखों श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना को देखते हुए हर स्तर पर सुव्यवस्थित प्रबंध किए जा रहे हैं, ताकि किसी भी श्रद्धालु को असुविधा न हो। इस अवसर पर समिति महासचिव पीयूष डाड, ललित सोमानी, पवन पंवार, राजेश कुदाल, रामेश्वरलाल ईनाणी, दुर्गालाल सोनी, कैलाश साहू, मनीष अठारिया सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# 13.3 इंच बारिश, सड़कों पर जलभराव और बांधों में चली चादर

बढ़ता राजस्थान



**नैनवां ( टी.आर सैनी ) ।** उपखंड क्षेत्र में शुक्रवार को दिनभर हुई मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक 338 मिमी (लगभग 13.3 इंच) वर्षा दर्ज की गई। लगातार बारिश से सड़कें नदी-नालों में तब्दील हो गईं और आवागमन ठप रहा। कनक सागर के ओवरफ्लो होने पर तीज के चबूरे से पाल पर तेज बहाव निकला, जिससे लोग सावधानीपूर्वक सड़क पार करते नजर आए। रायसागर तालाब का पानी देईपोल दरवाजा मार्ग से बहने लगा, वहीं छोटे तालाब के वेस्टवेयर से नेमीनाथ कटले में पानी भर गया। अभिभावकों ने पानी से भरे रास्तों से होकर बच्चों को स्कूल से निकाला। उनियारा रोड पर भी तेज बहाव के बीच वाहन फंसने से जाम की स्थिति बन गई। तेज बारिश के कारण नैनवां गढ़चैक स्थित सीनियर सेकेंडरी स्कूल की एक कक्षा की छत भरभरा कर गिर गई। कमरे में रखा सामान मलबे में दब गया, हालांकि छुट्टी के कारण विद्यार्थी मौजूद नहीं थे और बड़ा हादसा टल गया। बारिश से पाईबालापुरा बांध में 1.90 फीट की चादर चल रही है। कनिष्ठ अभियंता लोकेश नागर ने बताया कि बांध की भराव क्षमता 25 फीट है जबकि जल स्तर 26.90 फीट तक पहुंच गया है। लगातार पानी की आवक को देखते हुए निचले इलाकों के बस्तियों में सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। उपखंड अधिकारी प्रीति मीणा ने भी लोगों से जलभराव और विद्युत पोल से दूरी बनाए रखने की अपील की है। इसी बीच ग्राम पंचायत पीपल्या के लुहारपुरा गांव में मथरी बाई पत्नी गोपाललाल प्रजापत का कच्चा मकान ढह गया। ग्राम प्रधान पदम नागर ने इस संबंध में तहसीलदार को पत्र लिखकर मदद की मांग की है।

# प्रारंभिक एवं माध्यमिक संस्था प्रधानों की दो दिवसीय वाकपीठ प्रारंभ



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** ब्लॉक स्तरीय प्रारंभिक एवं माध्यमिक संस्था प्रधानों की संयुक्त दो दिवसीय वाकपीठ का शुभारंभ शुक्रवार को नगर के सज्जन वाटिका परिसर में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवशंकर शर्मा ने की। शुभारंभ अवसर पर नगर पालिका कपासन अध्यक्ष मंजू देवी सोनी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पुष्पा वैष्णव, युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास बारेगामा, शनिमहाराज ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रतननाथ योगी, सरपंच संघ अध्यक्ष प्रकाश चौधरी, महामंत्री कैलाशचंद्र अहीर और शिक्षाविद डॉ. राम सिंह चुंडावत अतिथि रूप में उपस्थित रहे। वक्ताओं ने अपने संबोधन में शैक्षिक उन्नयन, नवाचार और सूचना क्रांति पर जोर दिया। वार्ताकारों ने विभिन्न विषयों पर विचार साझा किए, वहीं बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी को मंत्रमुग्ध किया। इस अवसर पर सचिव रतनलाल भांड, महेंद्र कुमार चाष्टा, प्रधानाचार्य डॉ. लक्ष्मीलाल झामड़, जगदीशचंद्र प्रजापत, दिलीप उपाध्याय और भैरूलाल वीरवाल सहित अनेक गणमान्यजन मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन संस्था प्रधान मुकेशचंद्र त्रिपाठी और चंद्रप्रकाश सिरोया ने किया।

# 29 अगस्त को होगा राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत उपशाखा कपासन का निर्वाचन

बढ़ता राजस्थान

**कपासन।** राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत द्वारा उपशाखाओं के निर्वाचन कार्यक्रम जारी कर दिए गए हैं। इसके तहत कपासन उपशाखा का निर्वाचन 29 अगस्त, शुक्रवार को आयोजित होगा।

जिलाध्यक्ष जयपाल बुरड़क और जिला संयुक्त मंत्री प्रदीप चौधरी ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि चित्तौड़गढ़ जिले की विभिन्न उपशाखाओं के चुनाव के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं, जो पारदर्शिता के साथ निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उपशाखा निंबाहेड़ा का निर्वाचन 24 अगस्त को होगा, जिसमें कुलदीप चौधरी निर्वाचन अधिकारी और सुनील यादव पर्यवेक्षक रहेंगे।

इसी प्रकार उपशाखा बेगूं का चुनाव 27 अगस्त को होगा, जिसके लिए विकास जांगिड़ निर्वाचन अधिकारी और प्रदीप चौधरी पर्यवेक्षक होंगे।

उपशाखा कपासन का चुनाव 29 अगस्त को होगा, जिसमें हीरालाल बैरवा निर्वाचन अधिकारी और प्रदीप गढ़वाल पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी निभाएंगे।

# विधायक आक्या ने शिवपुरा में सीएसआर मद से बने विकास कार्यों का किया लोकार्पण

बढ़ता राजस्थान




**चित्तौड़गढ़ ( संजय खाबिया )।** विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने रविवार को विधानसभा क्षेत्र के ग्राम शिवपुरा में हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड चंदेरिया के सीएसआर मद से निर्मित विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश निरंतर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने हिंदुस्तान जिंक द्वारा क्षेत्र में किए जा रहे योगदान की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इसी प्रकार का सहयोग मिलता रहेगा। विधायक आक्या ने ग्राम शिवपुरा में सामुदायिक भवन मय चारदीवारी, सीसी रोड, मोक्षधाम में टीन शेड व बैठक स्थल, राजकीय विद्यालय में किचन, प्रार्थना स्थल, शेड निर्माण और रंग-रोगन कार्यों का लोकार्पण किया। साथ ही उन्होंने विद्यालय में दो अतिरिक्त कक्षा-कक्षों के निर्माण की घोषणा भी की। इससे पूर्व ग्रामीणों ने विधायक आक्या का माल्यार्पण, पगड़ी पहनाकर तथा पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। उन्हें गांव के प्रवेश द्वार से बैंड-बाजों और ढोल-नगाड़ों के साथ समारोह स्थल तक लाया गया। पूरे मार्ग पर ग्रामीण नाचते-गाते आगे बढ़ते रहे। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान प्रवीण सिंह राठौड़, पूर्व जिला मंत्री सत्यनारायण मेनारिया, सरपंच गोपाललाल गाडरी, उप सरपंच गुलाब सिंह, सीएसआर हेड सुंदर कुमार सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे।

# विश्व बंधुत्व दिवस पर ब्रह्माकुमारीज का रक्तदान महाशिविर, 70 यूनिट रक्त संग्रहित

बढ़ता राजस्थान




**चित्तौड़गढ़ ( संजय खाबिया )।** ब्रह्माकुमारीज़ प्रतापनगर सेवा केंद्र द्वारा विश्व बंधुत्व दिवस के उपलक्ष्य में 22 अगस्त को सांवरिया चिकित्सालय ब्लड बैंक में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने दीप प्रज्वलन व दादीजी को पुष्पांजलि अर्पित कर किया।

कार्यक्रम में उमंग और उत्साह के साथ बड़ी संख्या में भाई-बहनों ने भाग लिया तथा 70 यूनिट रक्तदान किया। कई प्रतिभागियों ने पहली बार रक्तदान किया।

सेवा केंद्र प्रभारी राजयोगिनी बीके आशा दीदी ने बताया कि यह शिविर ब्रह्माकुमारी संस्थान की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि (25 अगस्त) पर आयोजित विश्व बंधुत्व दिवस कार्यक्रमों की श्रृंखला का हिस्सा है। इसी अवसर पर संस्थान ने भारत और नेपाल में रक्तदान महाअभियान शुरू किया है, जिसके अंतर्गत एक लाख यूनिट रक्तदान का लक्ष्य रखा गया है।

इस महाअभियान का राष्ट्रीय शुभारंभ 17 अगस्त को नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने किया था। इसके बाद देशभर के छह हजार से अधिक सेवा केंद्रों पर 22 से 25 अगस्त तक रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान के जरिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की तैयारी है। यह पहला अवसर है जब किसी आध्यात्मिक संस्था द्वारा इतने बड़े स्तर पर रक्तदान अभियान चलाया जा रहा है।

शिविर में भोलाराम प्रजापत, सुशीला लड्ढा, अग्रवाल समाज अध्यक्ष राकेश गुप्ता, एडवोकेट राजकुमार लड्ढा, एटीबीएफ संस्थापक सुनील ढीलीवाल, जिला अध्यक्ष वर्षा कृपलानी, सेवादल अध्यक्ष गौतम विजयवर्गीय, निंबाहेड़ा अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, यू.एस. शर्मा, ओमप्रकाश तोषनीवाल, पीएमओ डॉ. दिनेश वैष्णव, डॉ. रोहित धाकड़ और सोहन नायक सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

# फिट इंडिया मिशन के तहत 24 अगस्त को 'संडे ऑन साइकिल' का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** भारत सरकार के खेल मंत्रालय की पहल फिट इंडिया मिशन के अंतर्गत भीलवाड़ा पुलिस द्वारा आगामी 24 अगस्त (रविवार) को 'संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य आमजन को स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूक करना है। फिटनेस की डोज़, आधा घंटा रोज़ संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए साइक्लिंग के साथ योग, जुम्बा और रस्सीकूद जैसी गतिविधियों का भी समावेश किया गया है। कार्यक्रम के तहत सुबह 6 बजे रिज़र्व पुलिस लाइन परिसर में योग व जुम्बा सेशन तथा रस्सीकूद का आयोजन होगा। इसके बाद सुबह 7 बजे जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में साइक्लिंग रैली निकाली जाएगी। यह रैली सिटी कंट्रोल रूम से प्रारंभ होकर सदर बाजार, गोलप्याऊ चौराहा, सूचना केंद्र, थाना भीमगंज, फतेह टॉवर, थाना कोतवाली, नगर निगम, राजेन्द्र मार्ग स्कूल, मुरली विलास धर्मशाला होते हुए पुनः कंट्रोल रूम पर समाप्त होगी। एसपी यादव ने बताया कि फिट इंडिया मिशन का मूल संदेश है कि प्रत्येक व्यक्ति प्रतिदिन किसी न किसी व्यायाम को अपनाए। इसी जागरूकता को बढ़ाने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में पुलिस अधिकारी-कर्मचारी, साइक्लिंग क्लब, विद्यालय-महाविद्यालय के छात्र-शिक्षक, एनजीओ, फिटनेस ग्रुप, कॉर्पोरेट जगत, सीएलजी सदस्य, ग्राम रक्षक, सुरक्षा सखी सहित शहर के प्रबुद्ध नागरिकों को आमंत्रित किया गया है। पुलिस प्रशासन ने आमजन से अधिक से अधिक संख्या में साइकिल सहित उपस्थित होकर इस अभियान को सफल बनाने की अपील की है।

# श्री महेश पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का पौधशाला शैक्षणिक भ्रमण

बढ़ता राजस्थान




**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** श्री महेश पब्लिक स्कूल, प्राइमरी विंग की कक्षा 4 और 5 के विद्यार्थियों ने शुक्रवार, 22 अगस्त को पौधशाला का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान बच्चों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधों का अवलोकन कर उनसे संबंधित जानकारियां प्राप्त कीं। छात्रों ने औषधीय, सजावटी और सुगंधित पौधों के साथ-साथ पत्तियां, फूल और फल जैसे पौधों के अंगों का अध्ययन किया। उन्हें प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया, ग्रीनहाउस की कार्यप्रणाली और कंपोस्ट खाद के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई। विद्यालय की प्रधानाचार्या निधि झा भार्गव ने कहा कि इस भ्रमण ने बच्चों को पौधों के महत्व को करीब से समझने का अवसर दिया। श्री महेश सेवा समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश नाराणीवाल ने इसे विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि ऐसे भ्रमण बच्चों को पढ़ाई के प्रति प्रेरित करते हैं। समिति सचिव राजेन्द्र कुमार कचौलिया ने बताया कि पौधशाला का दौरा बच्चों को प्रकृति के करीब ले जाता है। कोषाध्यक्ष राजेश बाहेती ने कहा कि इस तरह की गतिविधियां छात्रों में अवलोकन, पूछताछ और समस्या समाधान कौशल विकसित करती हैं। विद्यालय निदेशक व प्रभारी दिनेश शारदा ने कहा कि वास्तविक अनुभव से सीखना अधिक प्रभावी होता है। भ्रमण के दौरान छात्रों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और अधिक वृक्षारोपण तथा वन संरक्षण का संकल्प लिया।

विद्यालय प्रबंधन ने पौधशाला के संरक्षक का आभार जताते हुए सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

# राम रसोड़े पर 51 किलो बेसन से बने अन्नकूट प्रसाद का वितरण, रविवार को विशाल भजन संध्या से होगा समापन

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( नि.स. )।** श्री बाबा रामदेव सेवा समिति कपासन द्वारा संचालित राम रसोड़े में गुरुवार को 51 किलो बेसन से तैयार पकौड़ी का अन्नकूट महाप्रसाद बाबा रामदेव को भोग लगाने के बाद श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। प्रसाद वितरण के दौरान बड़ी संख्या में भक्तों की कतार लगी रही। जानकारी के अनुसार, समिति द्वारा नगर के मुख्य मार्ग स्थित पंचायत समिति परिसर के बाहर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रामदेवरा यात्रियों के लिए भोजन, आवास, चाय-नाश्ता एवं चिकित्सा की माकूल व्यवस्थाओं के साथ राम रसोड़े का संचालन किया जा रहा है। प्रतिदिन हजारों पैदल यात्री, दुपहिया एवं चारपहिया वाहनों से आने वाले श्रद्धालु जय बाबारी के जयकारों के साथ यहां रुककर सेवाओं का लाभ ले रहे हैं। गुरुवार को राधाकृष्ण सत्संग महिला मंडल कपासन ने भी भोजनशाला में सहयोग करते हुए आगंतुक यात्रियों को भोजन कराया। समिति के संचालन में देवेंद्र दाधीच, सोहनलाल कुमावत, भगवानलाल कुमावत, भोलेशंकर कुमावत, माधव चंदेल, संजय खंडेलवाल सहित अनेक समाजसेवी सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। भोजनशाला में हलवाई श्यामलाल पुर्बीया व सहयोगी टीम द्वारा प्रसादी की व्यवस्था की गई। समिति प्रबंधक भागीरथ चंदेल ने बताया कि कपासन में पिछले 20 वर्षों से सांवरियाजी, शनिमहाराज, श्री चारभुजानाथ और रामदेवरा जाने वाले यात्रियों की सेवा के लिए राम रसोड़े का संचालन किया जा रहा है। इस वर्ष 24 अगस्त, रविवार को बाबा रामदेव जी की महाआरती के बाद भक्तों को भोजन प्रसादी कराई जाएगी तथा रात्रि में विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा। भजन संध्या में भजन गायक माधवलाल हापाखेड़ी, भैरूलाल बारेगामा, माधवलाल बैरवा (कपासन) और रतन कामड़ (मूंगाना) द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। समिति ने भक्तों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर लाभ लेने की अपील की ।

RNI NO. RAJHIN/2010/35060
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# बिहार वोटर वेरिफिकेशन

## सुप्रीम कोर्ट बोला- आधार भी मान्य : हटाए गए वोटर्स लिस्ट में नाम जुड़वाने ऑनलाइन भी आवेदन दे सकेंगे



बढ़ता राजस्थान

**पटना/नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट में बिहार में चल रही स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी SIR (सामान्य शब्दों में वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन) पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि वह हटाए गए वोटर्स को लिस्ट में अपना नाम जुड़वाने के लिए फिजिकली के अलावा ऑनलाइन आवेदन की अनुमति भी दे। सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि आधार कार्ड समेत फॉर्म 6 में दिए गए 11 दस्तावेज में से कोई भी जमा किया जा सकता है, इनमें ड्राइविंग लाइसेंस, पासबुक, पानी का बिल जैसे डॉक्यूमेंट शामिल हैं।

कोर्ट ने राजनीतिक पार्टियों को मामले पर चुप्पी साधने के लिए भी फटकार लगाई और पूछा कि मतदाताओं की मदद के लिए आप क्या कर रहे हैं। आपको आगे आना चाहिए। अगली सुनवाई 8 सितंबर को होगी। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने चुनाव आयोग से कई सवाल पूछे। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा- राजनीतिक दलों की निष्क्रियता हैरान करने वाली है। राज्य की 12 पॉलिटिकल पार्टियों में से यहां मात्र 3 पार्टियां ही कोर्ट में आई हैं।

# ट्रांसफार्मर पर चढ़कर बनाई रील, इन्फ्लुएंसर समेत 4 गिरफ्तार

## झूठी सूचना देकर बंद करवाई थी बिजली सप्लाई, डिस्कॉम ने करवाई जांच

बढ़ता राजस्थान

**बाड़मेर (नि.स.)।** इंस्टाग्राम की एक रील बनाने के लिए बाड़मेर में एक इन्फ्लुएंसर ने बिजली विभाग (डिस्कॉम) को झूठी सूचना देकर पूरे सिस्टम को ठप करवा दिया। स्पार्किंग की गलत सूचना पर लाइट बंद कर दी गई। इसके बाद इन्फ्लुएंसर ट्रांसफॉर्मर पर चढ़ा और साथियों के साथ मिलकर वीडियो शूट किया, जिसे 15 अगस्त को इंस्टाग्राम पर रील के रूप में पोस्ट किया। वीडियो सामने आने पर डिस्कॉम एक्शन में आया। अधिकारियों ने 18 अगस्त को सेड़वा थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। जांच के बाद पुलिस ने जिले के सेड़वा थाना क्षेत्र के शोभाला दर्शन गांव निवासी लूणाराम उर्फ यश उर्फ बाबू तस्कर सहित चार लोगों को बीएनएस की 189 धारा में गिरफ्तार किया है।

**यह है पूरा मामला**-इंस्टाग्राम पर लूणाराम जांगिड़ 'यश सुथार' नाम से कॉमेडी वीडियो बनाता है। इसके करीब 4.76 लाख फॉलोअर्स हैं। 15 अगस्त को एक 1 मिनट 59 सेकेंड का वीडियो पोस्ट किया था। इसमें बिजली गुल होने की एक्टिंग की गई थी और दिखाया गया कि ट्रांसफार्मर (डीपी) में खराबी है। वीडियो में चार लोग नजर आते हैं। जबकि पांचवां व्यक्ति कैमरा लेकर शूट कर रहा होता है। एक कमरे में बल्ब लेकर पावर बोर्ड में लगाकर कर बंद चालू कर रहा है। फिर बोलता है कि डीपी (ट्रांसफार्मर) पर जंपर उड़ा हुआ है। गड़बड़ है। वहां से चारों डीपी के पास जाते है।

# अमेरिका ने भारतीय ट्रक ड्राइवरों का वीजा रोका

## पंजाबी ड्राइवर के ट्रक से 3 मौतों के बाद फैसला, नए जाने वालों पर ही रहेगी रोक

बढ़ता राजस्थान

**अमृतसर (एजेंसी)।** अमेरिका के फ्लोरिडा में पंजाब के ट्रक ड्राइवर के गलत यू-टर्न से हुए सड़क हादसे में 2 अमेरिकियों की मौत के बाद अमेरिका ने ड्राइवरों के वीजा पर रोक लगा दी है। ये रोक नए वीजा पर रहेगी, पुराने ड्राइवरों के वीजा रद्द नहीं होंगे। इसकी जानकारी अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर दी है। विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने लिखा- तत्काल प्रभाव से हम व्यवसायिक ट्रक चालकों के लिए सभी वर्कर वीजा जारी करना रोक रहे हैं। विदेशी चालकों की बढ़ती संख्या, अमेरिकी नागरिकों की जान को खतरे में डाल रही है और अमेरिकी ट्रक चालकों की रोजी-रोटी को भी प्रभावित कर रही है। फ्लोरिडा हादसा और वोट बैंक की राजनीति बने वीजा रोक की वजह-13 अगस्त को अमेरिका के फ्लोरिडा में एक बड़ा हादसा हुआ।

## मोदी बिहार के बाद बंगाल में भी घुसपैठियों पर बोले

# ये रोजगार छीन रहे, भारत में रहने नहीं देंगे; विकसित देशों में इनके खिलाफ मुहिम



बढ़ता राजस्थान

**कोलकाता (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को कोलकाता के दौरे पर रहे। पीएम ने यहां 5200 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कुल 13.62 किलोमीटर लंबे तीन नए रूट का उद्घाटन किया।

इसके अलावा पीएम ने 1200 करोड़ रुपए से ज्यादा की लागत से बनने वाले 6 लेन कोना एक्सप्रेसवे की आधारशिला रखी। यह एक्सप्रेसवे 7.2 किलोमीटर लंबा होगा। राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कार्यक्रम में शामिल नहीं हुई हैं।

इसके बाद जनसभा में पीएम मोदी ने कहा- भारत सरकार ने घुसपैठियों के खिलाफ अभियान चलाया है। टीएमसी, कांग्रेस समेत इंडी अलायंस सत्ता के लिए घुसपैठ को बढ़ावा दे रहा है। विकसित देशों में घुसपैठियों के खिलाफ मुहिम चल रही है। भारत भी घुसपैठियों को ज्यादा नहीं सह सकता है। आपका एक वोट बंगाल को घुसपैठियों से मुक्त करा सकता है। 30 दिन तक जेल में रहने पर पीएम, सीएम और मंत्रियों को पद से हटाने का कानून बनाने वाले बिल पर पीएम ने कहा मुख्यमंत्री तक जेल से सरकार चलाते हैं। ये संविधान और लोकतंत्र का अपमान है। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने टीएमसी सरकार, भ्रष्टाचार और ऑपरेशन सिंदूर पर भी बात की।

पीएम मोदी के भाषण की 4 बड़ी बातें...

1. टीएमसी सरकार: बंगाल को नई रोशनी की जरूरत है। यहां आजादी के बाद पहले कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टी का लंबा दौरा देखा है। आज क्राइम और करप्शन टीएमसी सरकार की पहचान बन गई। बंगाल कह रहा है टीएमसी जाएगी तभी असली बदलाव आएगा। बंगाल को सत्ता परिवर्तन चाहिए, ऐसा परिवर्तन जहां सुशासन होगा। ये परिवर्तन सिर्फ भाजपा ला सकती है। टीएमसी विकास की दुश्मन है। टीएमसी सरकार ने स्मार्ट सिटी मिशन से जुड़ने से इनकार कर दिया। टीएमसी का मिशन भाजपा को रोकना है।

2. ऑपरेशन सिंदूर: ऑपरेशन सिंदूर में हमारी सेना ने सीमा पार आतंकियों और आतंक के आकाओं के अड्डों को खंडहर में बदल दिया। ऐसा सबक सिखाया कि पाकिस्तान की आज भी नींद उड़ी हुई है। सेना को ताकत देने में बंगाल का बहुत योगदान है। गुलामी के दौर में इच्छापुर में डिफेंस मेन्युफैक्चरिंग का काम शुरू हुआ। कांग्रेस सरकार ने इस इंडस्ट्री को बर्बाद कर दिया। सेना को विदेश पर निर्भर कर दिया।

3. घुसपैठ: भारत सरकार ने घुसपैठियों के खिलाफ अभियान चलाया है। जो लोग हमारे युवाओं को रोजगार छीन रहे हैं, इन्फ्रास्ट्रक्चर पर दबाव बना रहे हैं, बहन-बेटियों पर अत्याचार कर रहे हैं ऐसे घुसपैठियों को भारत में रहने नहीं देंगे।

4. एंटी करप्शन बिल: सरकार लोकसभा में एंटी करप्शन बिल लाई है। हमारे देश में किसी भी कर्मचारी को यदि पुलिस पकड़कर जेल में डालती है तो उसकी नौकरी चली जाती है। कोई मुख्यमंत्री, मंत्री, प्रधानमंत्री जेल चला जाए तो उसके लिए कानून नहीं है। हालत तो देखिए आजकल ये लोग इतने गिरे हैं कि जेल से भी सरकार चलाने की कोशिश कर रहे हैं। टीएमसी का मंत्री शिक्षक भर्ती में आज तक जेल में है, तब भी वो कुर्सी छोड़ने को तैयार नहीं थे। टीएमसी के एक और मंत्री पर गरीबों के राशन लूटने का आरोप है। ये भी जेल जाने के बाद कुर्सी छोड़ने को तैयार नहीं थे। सीएम तक जेल से सरकार चलाते हैं। ये संविधान और लोकतंत्र का अपमान है।

मोदी बोले- एक वोट बंगाल को घुसपैठियों से मुक्त करा सकता है

पीएम ने कहा- बंगाल की विरासत विकसित बंगाल बनाने की प्रेरणा देगी। हमें बांग्ला को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने का मौका मिला। जब भाजपा सरकार बनेगी तो हेरिटेज टूरिज्म को बढ़ावा देने का प्लान है। गंगा जी पर इनलैंड वाटर वे बना रहे हैं ताकि बंगाल के नौजवानों को काम के लिए कहीं और जाने की जरूरत न पड़े। समुद्र में भी टूरिज्म की संभावनाएं हैं।

उन्होंने कहा- बंगाल के लोग समय से आगे की सोचते हैं। आजकल जिन देशों को विकसित कहा जाता है, वहां घुसपैठियों के खिलाफ मुहिम चल रही है। भारत भी घुसपैठियों को ज्यादा नहीं सह सकता है। घुसपैठियों से बंगाल को आपका एक वोट

## खरीफ-2025 में उर्वरक आपूर्ति की समीक्षा

# सभी जिलों में उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता हो सुनिश्चित किसानों को समय पर हो उर्वरक की आपूर्ति : सीएम

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि खरीफ 2025 के लिए प्रदेश के सभी जिलों में उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता रखी जाए ताकि किसानों को बिना किसी परेशानी के सुविधापूर्वक एवं समय पर उर्वरक की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक जिले में किसानों को उर्वरक की उपलब्धता की नियमित जानकारी दी जाए। शर्मा ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में खरीफ 2025 में उर्वरक के आवंटन, आपूर्ति एवं वर्तमान उपलब्धता की स्थिति की जिलेवार समीक्षा करते हुए कहा कि प्रदेश में इस बार अच्छी बारिश हुई है जो कि अच्छी पैदावार के संकेत हैं। राज्य सरकार किसानों की खुशहाली एवं समृद्धि के लिए उन्हें उच्च गुणवत्तायुक्त खाद, बीज एवं उर्वरक उपलब्ध करवा रही है।

## किसानों को संतुलित उर्वरक के उपयोग के लिए करें जागरूक, ऑर्गेनिक खेती को मिले बढ़ावा : सीएम



### किसानों एवं ग्रामीणों को करें जागरूक, ग्राम सभा का हो आयोजन

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को संतुलित उर्वरक के उपयोग के लिए जागरूक किया जाए एवं वर्मी कम्पोस्ट, ऑर्गेनिक खाद के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जाए। इसके लिए सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से प्रचार-प्रसार किया जाए तथा सेमिनार आदि आयोजित किए जाएं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम सभा के माध्यम से किसानों को जागरूक करने के लिए अभियान संचालित किया जाए।

### अंतरराज्यीय सीमावर्ती जिलों में चैक पोस्ट हो स्थापित, उर्वरक परिगमन पर लगे अंकुश

शर्मा ने कहा कि प्रदेश में अधिक से अधिक ग्राम सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से उर्वरक क्रय एवं वितरण किया जाए। वहीं प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में राज्य से उर्वरक अन्य राज्यों में परिगमन को रोकने के लिये पर्याप्त संख्या में चैक पोस्ट स्थापित किए जाए। साथ ही, उन्होंने अनुदानित यूरिया के गैर कृषि कार्यों तथा अन्य औद्योगिक गतिविधियों में उपयोग के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि कृषि विभाग ने वर्ष 2025-26 में अवैध उर्वरक, अवैध भण्डारण एवं अमानक नमूनों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुए 109 औचक निरीक्षण, 71 सीजर एवं 56 एफआईआर दर्ज की गई है तथा सीजर के दौरान 397 नमूने लिए गए हैं। इसी तरह, गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष अधिक उर्वरक विक्रय करने वाले विक्रेताओं का निरीक्षण किया गया तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले विक्रेताओं के विक्रय पर रोक, लाइसेंस निलम्बन एवं लाइसेंस निरस्तीकरण की उल्लेखनीय कार्यवाही भी की गई है। बैठक में कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा सहित कृषि, सहकारिता एवं संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# राजस्थान में पंचायत-निकाय चुनाव नवंबर-दिसंबर में संभव

## राज्य निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन जारी..



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** पंचायतीराज और शहरी निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग ने कलेक्टरों को गाइडलाइन जारी कर दी है। इस गाइडलाइन में कलेक्टरों को जिलों में वोटर लिस्ट से लेकर सभी चुनावी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए हैं। गाइडलाइन के बाद राज्य निर्वाचन आयोग कभी भी चुनावों की घोषणा कर सकता है। वहीं गाइडलाइन जारी करके राज्य निर्वाचन आयोग ने साफ संकेत दे दिए हैं कि चुनावों की जल्द घोषणा होगी। अगले दो महीने में चुनाव हो सकते हैं। वहीं सरकार वन स्टेट वन इलेक्शन पर अडिग है। पंचायत चुनाव की वोटर लिस्ट का ड्राफ्ट प्रकाशन 20 सितंबर करना होगा। 5 अक्टूबर तक दावे और आपत्तियां पेश कर सकेंगे। 29 और 30 सितंबर को विशेष अभियान रहेगी। 12 अक्टूबर तक दावे और आपत्तियां का निस्तारण करना होगा। 24 अक्टूबर तक पूरक लिस्ट तैयार होगी। 29 अक्टूबर तक वोटर लिस्ट का फाइनल प्रकाशन होगा।राज्य निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के मुताबिक ग्राम पंचायत के हर वार्ड, पंचायत समिति के हर निर्वाचन क्षेत्र और जिला परिषद के हर निर्वाचन क्षेत्र की वोटर लिस्ट तैयार करनी होगी। 1 जनवरी 2025 को आधार मानकर वोटर लिस्ट को अपडेट किया जाएगा। निकाय चुनाव की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट 24 सितंबर को प्रकाशित होगी। 3 नवंबर को फाइनल वोटर लिस्ट तैयार होगी। 8 अक्टूबर तक दावे और आपत्तियों को पेश किया जा सकेगा। 16 अक्टूबर तक दावों और आपत्तियों का निपटारा करना होगा।

## शाह बोले- विपक्ष के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार वामपंथी उग्रवाद के मददगार

# कहा : उनके फैसले से नक्सल-विरोधी सलवा जुडूम खत्म हुआ, जजमेंट नहीं होता तो नक्सलवाद खत्म हो जाता

बढ़ता राजस्थान

**कोच्चि (एजेंसी)** गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को केरल में कहा- विपक्षी गठबंधन के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार सुप्रीम कोर्ट से रिटायर्ड जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी ने नक्सलियों की मदद की थी। उन्होंने ये बातें मनोरमा न्यूज कॉन्क्लेव में कही।

शाह ने कहा, विपक्ष के प्रत्याशी सुदर्शन रेड्डी वही हैं, जिन्होंने वामपंथी उग्रवाद और नक्सलवाद को समर्थन देने वाला जजमेंट दिया था। अगर सलवा जुडूम के खिलाफ जजमेंट न होता तो वामपंथी उग्रवाद 2020 तक खत्म हो गया होता। यही व्यक्ति विचारधारा से प्रेरित होकर सुप्रीम कोर्ट जैसे पवित्र मंच का इस्तेमाल करते हुए



सलवा जुडूम के खिलाफ फैसला देने वाले थे।

गृह मंत्री ने कहा कि केरल नक्सलवाद और उग्रवाद का दर्द झेल चुका है। ऐसे में केरल की जनता जरूर देखेगी कि कांग्रेस पार्टी वामपंथियों के दबाव में आकर कैसे ऐसे प्रत्याशी को चुनती है, जिसने नक्सलवाद का समर्थन करने जैसा काम किया।

**2011 का फैसला, जिसका जिक्र शाह ने किया-**दरअसल, छत्तीसगढ़ में सरकार ने नक्सलियों से लड़ने के लिए सलवा जुडूम अभियान चलाया था, जिसमें आदिवासी युवाओं को हथियार देकर स्पेशल पुलिस ऑफिसर बनाया गया। 2011 में सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी की बेंच ने इस पर रोक लगाते हुए कहा कि यह तरीका असंवैधानिक और गैरकानूनी है। कोर्ट ने कहा था कि सरकार का काम नक्सलियों से लड़ने के लिए सुरक्षाबलों को भेजना है, न कि गरीब आदिवासियों को ढाल बनाकर खतरे में डालना। फैसले में आदेश दिया गया कि इन युवाओं से तुरंत हथियार लिए जाएं। सरकार को नक्सलवाद की मूल कारणों पर काम करना चाहिए।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# देश के 40% मुख्यमंत्रियों पर क्रिमिनल केस

## 33% पर किडनैपिंग, रिश्वतखोरी जैसे गंभीर आरोप; तेलंगाना सीएम पर सबसे ज्यादा 89 मामले

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** देश के 30 मुख्यमंत्रियों में से 12 यानी 40 प्रतिशत मुख्यमंत्रियों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें से 10 यानी 33 प्रतिशत पर हत्या की कोशिश, किडनैपिंग और रिश्वतखोरी जैसे गंभीर केस हैं। तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी पर सबसे ज्यादा 89 मामले दर्ज हैं। चुनाव सुधार के लिए काम करने वाले हल्रह एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की एक रिपोर्ट से यह जानकारी सामने आई है। यह रिपोर्ट ऐसे समय में आई है जब सरकार तीन बिल लाई है जिनमें गंभीर आपराधिक आरोपों में 30 दिनों के लिए गिरफ्तार किए गए प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को पद के लिए अयोग्य मान लिया जाएगा।

एडीआर ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सभी मौजूदा 30 मुख्यमंत्रियों के हलफनामों का एनालिसिस करके




यह रिपोर्ट तैयार की है। डेटा पिछला चुनाव लड़ने से पहले दायर हलफनामों से लिया गया है।

गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की आय 223% बढ़ी जुलाई, 2025 की एक रिपोर्ट में एडीआर ने बताया था कि देश में नाममात्र के वोट पाने वाली रजिस्टर्ड गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों की आय 2022-23 में 223% बढ़ गई। देश में 2764 आरयूपीपी पार्टियां हैं।

इनमें से 73% से ज्यादा (2025) ने अपना फाइनेंशियल रिकॉर्ड सार्वजनिक ही नहीं किया है। बाकी 739 रजिस्टर्ड गैर-मान्यता प्राप्त पार्टियों ने अपना रिकॉर्ड साझा किया है। रिपोर्ट में इन्हीं पार्टियों का एनालिसिस किया गया है।

रिपोर्ट से पता चलता है कि गुजरात की ऐसी 5 पार्टियों की कुल आय 2316 करोड़ रही। इनमें एक साल की आमदनी 1158 करोड़ थी। जबकि बीते 5 सालों में हुए 3 चुनावों में इन्हें सिर्फ 22 हजार वोट मिले।

इन पांचों दलों ने 2019 से 2024 के बीच दो लोकसभा और एक विधानसभा चुनाव में कुल 17 उम्मीदवार खड़े किए, लेकिन कोई जीत नहीं सका। इनमें से चार दल 2018 के बाद रजिस्टर्ड हुए हैं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार